
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी
दीपावली उल्लास का...... अंधेरा कहीं रह ना जाए......
वर्ष : 11 | अंक : 300 | लखनऊ, 20 अक्टूबर, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए





**मौसम**




अधिकतम तापमान 42.c
न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,062.10

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप पर नशेड़ियों का बवाल, सबको पीटा




अकोला। महाराष्ट्र के अकोला जिले में शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने पेट्रोल पंप पर जमकर उत्पात मचाया। नशे में चूर ये युवक पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्राहकों, राहगीरों और कर्मचारियों के साथ लगातार गाली-गलौज कर रहे थे। जब कुछ ग्राहकों ने उन्हें गाली देने से मना किया तो इन गुंडों ने मारपीट शुरू कर दी।

### पटाखा बाजार में आग 80 दुकानें खाक



फतेहपुर। जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। इससे पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा। पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। 80 से ज्यादा दुकानें जलने की खबर है।

### जैसलमेर बस अग्निकांड मृतकों का आंकड़ा बढ़ा



जैसलमेर। बस आग हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। शनिवार को राजस्थान के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल जोधपुर प्रवास के दौरान महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने हादसे में घायल मरीजों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी। डॉक्टरों से घायलों की स्थिति और उपचार के बारे में जानकारी ली।

### सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों पर जताई गहरी नाराजगी

# देशभर में 8.82 लाख आदेश 'अधर' में कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/नई दिल्ली,

देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा 'निष्पादन याचिकाओं' (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है। जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने कर्नाटक और तमिलनाडु की सरकार पर कई सवाल उठाए। अदालत ने इस बीच कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। यह बात केंद्र और राज्य सरकारों को सदैव ध्यान में रखनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

**अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाओं पर भड़का कोर्ट**

अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, यह बड़ी ही अजीब बात है।

### आदेश लागू न तो तो ऐसे आदेश का क्या मतलब?

**निष्पादन याचिका पर उठाए सवाल**

हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें




जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके।

### 2004 में आदेश के बाद भी नहीं मिला जमीन का कब्जा

तमिलनाडु के अय्यावू उदयार ने 1980 में जमीन खरीदने का समझौता किया था। 1986 में केस दाखिल हुआ। 2004 में आदेश के बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिला। 2008 में कब्जे का आदेश हुआ, पर अमल फिर भी नहीं हुआ। आखिरकार मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट ने इस मामले में गंभीर गलती की।

**न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। आदेशों को वर्षों तक लागू न कर पाना व्यवस्था पर ही सवाल उठाता है। अदालत चाहती है कि हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें।




### कर्नाटक हाईकोर्ट ने जरूरी आंकड़े नहीं भेजे

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं। अगर कोई देरी होती है तो संबंधित जज जिम्मेदार माने जाएंगे। कोर्ट ने मामला 10 अप्रैल 2026 को दोबारा सुनने का समय तय किया है। तब तक सभी हाईकोर्ट को लंबित और निपटाए गए मामलों के पूरे आंकड़े देने होंगे।

**धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं होता**

### ध्वस्त होगा अहमदाबाद की 400 साल पुरानी मस्जिद का हिस्सा

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए अहमदाबाद में 400 साल से ज्यादा पुराने मंच मस्जिद परिसर को आंशिक रूप से ध्वस्त करने की अनुमति दी गई थी।



शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कदम जनहित में उठाया गया और इससे धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन नहीं होता। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि खाली पड़ी जमीन का केवल एक हिस्सा और उससे सटे एक चबूतरे को ही हटाया जाना है, जबकि मस्जिद का मुख्य ढांचा वैसा ही रहेगा। इसी नागरिक परियोजना के तहत 1मंदिर, 1 व्यावसायिक इकाई और एक आवासीय संपति को भी ध्वस्त करने चिह्नित किया गया।

### नई दिल्ली में अत्याधुनिक यात्री सुविधा केंद्र

# अब यात्रियों को मिल रहा बेहतर अनुभव और सफर



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

त्योहारों के सीजन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने यात्रियों का स्वागत एक और आधुनिक सुविधाओं के साथ किया है। अब यहां चमकदार फर्श, डिजिटल साइनबोर्ड, साफ-सुथरे शौचालय और ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें नजर आ रही हैं। यह बदलाव 'यात्री सुविधा केंद्र की वजह से संभव हुआ है।करीब 6,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बना है। एक समय में लगभग 7,000 यात्रियों को समायोजित कर सकता है। इसका उद्देश्य भीड़ को व्यवस्थित तरीके से संभालना और उन्हें यात्रा से पहले आरामदायक माहौल देना है। 652 वर्गमीटर क्षेत्र में साफ और आधुनिक शौचालय बनाए गए हैं। आरओ-आधारित पेयजल प्रणाली की भी व्यवस्था की गई है। यहां 24 स्पीकर वाला सार्वजनिक उद्घोषणा तंत्र और 3एलईडी डिस्प्ले लगाए गए हैं। केंद्र में फायर फाइटिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, लगेज स्कैनर और मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए हैं।

**केंद्र को 3 मुख्य हिस्सों में बांटा**



केंद्र को 3 मुख्य हिस्सों में बांटा गया है प्री-टिकटिंग जोन (2,860 वर्गमीटर), टिकटिंग जोन (1,150 वर्गमीटर) और डिपार्चर जोन (1,218 वर्गमीटर)। यहां यात्रियों के बैठने के लिए बेंच उपलब्ध कराई गई हैं। इस केंद्र में इंतजार करना बिल्कुल मुफ्त है। टिकटिंग जोन में 22 आधुनिक टिकट काउंटर और 25 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 200 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। पूरे क्षेत्र में हवा का बेहतर प्रवाह बनाए रखने के लिए 18 हाई-वॉल्यूम लो-स्पीड फैन लगाए गए हैं। इससे यात्रियों को सुविधा होगी।

### कर्मभूमि एक्सप्रेस से गिरकर 2 की मौत

नासिक। छठ पूजा के लिए कर्मभूमि एक्सप्रेस ट्रेन से बिहार जा रहे दो युवकों की गिरकर मौत हो गई। यह हादसा शनिवार रात महाराष्ट्र के नासिक रोड रेलवे स्टेशन के पास हुआ। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बिहार के रक्सौल जा रही इस गाड़ी के नासिक रोड स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद हुआ।

### तेल और गैस की खोज की जा रही: पुरी

## देश स्वच्छ, मजबूत व आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य का निर्माण कर रहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी नेकहा कि भारत एक स्वच्छ, मजबूत और आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने देश के 99 प्रतिशत अपतटीय क्षेत्र को तेल और गैस की खोज के लिए खोल दिया है और कच्चे तेल के आयात को पहले के 27 देशों से बढ़ाकर 40 से अधिक देशों तक कर दिया है। भारत की ऊर्जा नीति एक चार-आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें- कच्चे तेल के आयात में विविधता, तेल और गैस की घरेलू खोज में



वृद्धि, क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शामिल हैं। उज्ज्वला के तहत 10.60 करोड़ गरीब परिवारों को ईंधन के रूप में सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर दिए जा चुके हैं। हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत एक ऐसा भविष्य बना रहा है जहां ऊर्जा सुरक्षित, सस्ती और टिकाऊ होगी।

### कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के बयान पर संघ का पलटवार

# वे सनातन से दूर भागेंगे तो मतदाता उनसे ही दूर होंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के सनातन पर दिए गए बयान पर संघ के नेताओं ने पलटवार किया है। भाजपा और संघ के नेताओं ने दावा किया कि सिद्धारमैया अपनी सरकार की विफलता छिपाने ऐसा बयान दे रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने सीएम के बयान पर कहा कि सिद्धारमैया के माता-पिता के नाम में 'राम' है, जिनकी पत्नी का नाम 'पार्वती' है और जो खुद सिद्धारमैया कहलाते हैं, लोगों को 'सनातनियों' की संगति से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। उनके मंत्रिमंडल के मंत्री सनातन को खत्म कर दो क्योंकि यह डेंगू और मलेरिया फैलाता है और वे आरएसएस और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाते हैं। वे सनातन से जितना दूर जाएंगे, उनके मतदाता उनसे उतना ही दूर होते जाएंगे।



### भाजपा सांसद शेट्टार ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा

#### सिद्धारमैया विफल सीएम, भ्रष्टाचार चरम पर: शेट्टार



उनके बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद जगदीश शेट्टार ने कहा कि केवल अपनी सुविधा के लिए वह ये सभी बयान दे रहे हैं, क्योंकि उनका प्रशासन और कानून-व्यवस्था विफल है। भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है। वे आरएसएस के खिलाफ बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगा रहे हैं।

**सिद्धारमैया ने यह कहा था**

सिद्धारमैया ने एक बयान में लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपनी संगति सही रखें। उन लोगों के साथ जुड़ें जो समाज के लिए खड़े हैं, न कि उन लोगों के साथ जो सामाजिक बदलाव का विरोध करते हैं, जैसे सनातनी। सिद्धारमैया ने नागरिकों से समाज में प्रगतिशील और तार्किक ताकतों के साथ जुड़ने का आग्रह किया। इसी बयान पर बवाल मचा हुआ है।

### संघ से कांग्रेस की दुश्मनी नई नहीं

संघ के नेता राजीव तुली ने कहा कि आरएसएस से कांग्रेस की दुश्मनी पुरानी है, ये नई नहीं। महात्मा जी की हत्या से एक हफ्ते पहले एक सीएम को लिखे पत्र में पं. नेहरू ने कहा था आरएसएस के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।



तुली ने कहा कि 1948 में नेहरू ने सरदार पटेल पर आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव डाला। 28 दिन बाद सरदार पटेल ने नेहरू को एक पत्र लिखा कि उन्हें पता चला है कि महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस का कोई हाथ नहीं था।









## ग्राम पंचायत बेंती के गौशाला में लापरवाही से तड़प-तड़प कर मर रहीं हैं गायें

अमन लेखनी समाचार/शुभम सिंह चौहान संवाददाता

लखनऊ। ग्राम पंचायत बेंती में बने गौशाला की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। गौशाला में रखी गई गायें भूख और प्यास से तड़प-तड़प कर दम तोड़ रही हैं। स्थल पर न तो चारा-पानी की कोई व्यवस्था है, न ही पशुओं के इलाज या देखभाल के लिए कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारी मौन बने हुए हैं। प्रशासनिक स्तर पर अब तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी और पशुपालन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि इन बेजुबान जानवरों की जान बचाई जा सके और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

# उत्तर प्रदेश में दीए पर सियासत तेज

## अखिलेश यादव के बयान से भड़की सियासी लौ

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। दीपावली की रौनक के बीच दीयों पर सियासत शुरू हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के दीये व मोमबत्ती पर दिए गए बयान ने राजनीतिक गलियारों में सियासी लौ भड़का दी है। भाजपा ने इसे तुरंत हिंदू आस्था पर हमला बताकर सपा प्रमुख के खिलाफ सियासी मोर्चा खोल दिया है। इसे स्वदेशी भावना और कुम्हार समाज के रोजगार पर सीधा प्रहार बताया है।

दरअसल, अखिलेश ने शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था, 'पूरी दुनिया में, क्रिसमस के दौरान सभी शहर जगमगा उठते हैं, और यह सिलसिला महीनों तक चलता है। हमें उनसे सीखना चाहिए। हमें दीयों और मोमबत्ती पर क्यों खर्च करना? इसे हटा देना चाहिए। हमारी सरकार आएगी तो बहुत सुंदर रोशनी कराएंगे।'

इसी बयान पर रविवार को भाजपा ने उन्हें घेर लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा, 'अखिलेश की सनातन विरोधी मानसिकता एक बार फिर सामने आई है। जो व्यक्ति दीपावली के दीयों को पैसों की बबार्दी कहे, वह हिंदू संस्कृति की आत्मा को नहीं समझ सकता। सपा सरकार में कब्रिस्तानों की बाउंड्री पर करोड़ों रुपये खर्च करने वाले अखिलेश को तब खर्च याद नहीं आया।'

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी सपा प्रमुख पर निशाना साधते हुए कहा, 'दीपदान भारतीय संस्कृति की आत्मा है, यह प्रकाश और आस्था का प्रतीक है। अखिलेश के बयान से न केवल हिंदू भावनाएं आहत हुई हैं बल्कि प्रजापति समाज, जो मिट्टी के दीये बनाता है, उसके रोजगार पर भी चोट पहुंची है। उन्हें तत्काल माफी मांगनी चाहिए।'

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'अखिलेश का बयान भारतीय संस्कृति, स्वदेशी और सनातन परंपरा तीनों के प्रति अवमानना दिखाता है। भारत के लिए गर्व की बात रही है कि यहां इतनी समृद्धि थी कि घी के दीयों की कतारें जगमगाती थीं। यह वही घी है जो गाय, जिसे हम माता मानते हैं से प्राप्त होता है। इस गौरवशाली परंपरा को नीचा दिखाना निंदनीय है। आज चंद कट्टरपंथियों के वोट पाने के लिए ऐसा कहना दुर्भाग्य है।'

भाजपा आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, 'यह बयान अखिलेश के असली चेहरे को बेनकाब करता है। पीडीए की राजनीति करने वाले अखिलेश ने कहा है कि उनकी सरकार आने पर दीपोत्सव बंद किया जाएगा और शहरों को बिजली से रोशन किया जाएगा। सब जानते हैं कि इस बिजली की रोशनी से किस कौम को फायदा होगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'चाइनीज एलईडी से देश के आत्मनिर्भर भारत अभियान को नुकसान होगा और हमारी परंपरा पर चोट पड़ेगी। सबसे बड़ा नुकसान तो कुम्हार समाज का होगा, जो मिट्टी के दीये बनाकर अपना गुजारा करते हैं। सपा मुखिया ने उनके पेट पर लात मारी है। ओबीसी समाज इस अपमान का जवाब जरूर देगा।'

वहीं, सपा अध्यक्ष ने भाजपा के हमलों को देख रविवार को यू-टर्न लेते हुए कहा कि 2027 की दीपावली में जब पीडीए की सरकार बनेगी, तब वह प्रजापति समाज से करोड़ों रुपये के दीपक खरीदेगी। भाजपा सरकार दूर के तटीय राज्यों के लोगों को दीये बनाने के ठेके देकर प्रदेश के प्रजापति समाज का हक मार रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दीपोत्सव के ठेकों में प्रदेश के लोगों की उपेक्षा करके भाजपा 'दीया तले अंधेरा' करने का पाप न करे।

## मुख्यमंत्री ने प्रकाशपर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं

अमन लेखनी समाचार



लखनऊः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकाशपर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्रीराम से उनकी सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

आज यहां जारी एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व एवं त्योहार शान्ति, एकता व सद्भाव का सन्देश देते हैं एवं सामाजिक सौहार्द में वृद्धि करते हैं। दीपावली का पर्व भारत की सनातन धर्म की परम्परा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के उपरान्त अयोध्या आगमन और रामराज के शुभारम्भ की स्मृति स्वरूप आज से हजारों वर्ष पहले पूरे भरतखण्ड में श्रद्धालुओं द्वारा दीपमालाओं से अपने-अपने घरों को सजा करके इस पर्व को मनाना प्रारम्भ किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या उत्तर प्रदेश में है। राज्य सरकार अयोध्या में दीपावली के आयोजन की प्राचीन और गौरवशाली परम्परा को ह्यदीपोत्सवह्य के आयोजन के माध्यम से पुनर्प्रतिष्ठित कर, सम्पूर्ण विश्व समुदाय को अयोध्या की महिमा से परिचित कराने का कार्य कर रही है।

## यूपी में दीपावली पर अस्पतालों में तैनात रहेंगे पर्याप्त डॉक्टर-पैरामेडिकल, योगी सरकार ने जारी किया आदेश


अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने दीपावली त्योहार के मौके पर सभी अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे चलाने और पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों-पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपरिहार्य कारणों के अलावा छुट्टी स्वीकृत की जाए। पटाखों से जलने वाले लोगों, सड़क दुर्घटनाओं, फूड पायजनिंग, आंख की चोट के मरीजों के इलाज की उचित व्यवस्था करने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं। पअमित कुमार घोष ने अस्पतालों, चिकित्सा संस्थानों मेडिकल कालेजों के प्रमुखों को वायु प्रदूषण बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए सांस के रोगियों के इलाज की भी विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं, उपकरण की व्यवस्था रखने, पैथोलाजी सेवाओं को जारी रखा जाए। संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। अस्पतालों में अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा के साथ परिसर में बिजली, पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अस्पतालों की सुरक्षा की व्यवस्था सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार करने के लिए भी उन्होंने कहा है।

# उत्तर प्रदेश में ईवी खरीदारों को रिफंड मिलेगा रोड टैक्स, अगले दो साल तक छूट रहेगी जारी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। धनतेरस व दीपावली पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने वालों को रोड टैक्स व पंजीकरण शुल्क भले ही देना पड़ा लेकिन, सभी को जमा की गई धनराशि वापस मिलेगी। ईवी खरीदारों को अगले दो साल तक रोड टैक्स व पंजीकरण शुल्क नहीं देना होगा।

14 अक्टूबर से प्रदेशभर में ईवी खरीदने वालों को वित्तीय प्रोत्साहन की छूट नहीं मिल रही थी, 10 लाख रुपये तक का वाहन खरीदने पर नौ व 10 लाख रुपये से अधिक के वाहन पर 11 प्रतिशत रोड टैक्स देना पड़ा था। ऐसे ही दोपहिया वाहन स्वामियों को 300 और चार पहिया वाहन स्वामियों से 600 रुपये पंजीकरण शुल्क भी जमा कराया गया था।

औद्योगिक विकास विभाग इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण व गतिशीलता नीति 2022 के तहत दो साल तक वित्तीय प्रोत्साहन बढ़ाने का आदेश 17 अक्टूबर को जारी कर चुका है, अब परिवहन विभाग इस संबंध में आदेश जारी करेगा। उसी आधार पर वाहनों का पंजीकरण पोर्टल संशोधित होगा, ताकि पहले की तरह मार्ग कर व पंजीकरण शुल्क न देने वालों का भी रजिस्ट्रेशन हो सकेगा। यह भी संयोग है कि नीति लागू होने के समय भी परिवहन विभाग को ईवी खरीदारों को धनराशि रिफंड करनी पड़ी थी, क्योंकि 13 अक्टूबर 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने नीति पर मुहर लगाया था। पहले औद्योगिक विकास विभाग और फिर परिवहन विभाग का आदेश व पोर्टल पर संशोधन में समय लगा था लेकिन, सभी खरीदारों को छूट का लाभ मिला था।

ईवी नीति के पहले तीन साल की समय सीमा ऐसे समय पूरी हुई जब दीपावली व धनतेरस का त्योहार सिर पर था। प्रोत्साहन छूट के अंतिम दिन 13 अक्टूबर को रिकार्ड इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई थी, लखनऊ में ही 642 वाहन बिके थे। छूट खत्म होने के बाद भी लोगों ने वाहन खरीदे।

धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर शनिवार व रविवार को था, लोग शनिवार को लोहे का सामान खरीदने से बचते हैं ऐसे में कई खरीदारों ने शुक्रवार को भी वाहन खरीदा, औद्योगिक विकास विभाग का आदेश उसी दिन शाम को जारी हुआ था। सहायक परिवहन आयुक्त नरेश कुमार ने बताया, ईवी खरीदारों को टैक्स की धनराशि वापस मिलेगी।

### अब ईवी पर सब्सिडी पर फंस सकता पेच

नीति के तहत सरकार दो पहिया ईवी खरीदारों को पांच हजार व चार पहिया वालों को एक लाख और ई बस पर 20 लाख रुपये सब्सिडी दे रही है। तय वाहनों की बिक्री न होने पर 15 जुलाई 2024 को नीति में संशोधन हो चुका है। इसके तहत ईवी पर सब्सिडी अब 2027 तक सशर्त मिलेगी, यानी नीति में घोषित संख्या के वाहनों को ही सब्सिडी दी जाएगी।

नीति में 25 हजार चार पहिया, दो लाख दोपहिया व 400 ई-बस और 1000 ई-गुड्स कैरियर को सब्सिडी दी जानी है। इनमें से करीब 17 हजार चार पहिया ईवी को सब्सिडी मिल चुकी है, त्योहार में बड़ी संख्या में वाहनों की बिक्री हुई है।

## राजधानी के वेलसन अस्पताल की फिर उजागर हुई करतूत

### गलत सर्जरी करने और आयुष्मान योजना कार्ड धारक होने के बावजूद धन उगाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। वृन्दावन योजना स्थित वेलसन अस्पताल एक बार फिर विवादों के भंवर में फंस गया है। बिहार प्रांत से आए हृदय रोगी के परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाते हुए पीजीआई पुलिस से मामले की शिकायत की है।

परिजनों के मुताबिक अस्पताल ने मरीज की गलत सर्जरी की और आर्थिक शोषण भी किया यही नहीं शिकायत करने पर चिकित्सक ने धमकाया भी। आरोप है कि मरीज की तीन नसों में ब्लॉकेज होने का हवाला देकर सर्जरी के लिए तैयार किया गया लेकिन ऑपरेशन थिएटर में ले जाने के बाद बिना जानकारी दिए सिर्फ एक नस की ही सर्जरी कर मरीज को वापस कर दिया गया। जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो अस्पताल प्रशासन ने दादागिरी दिखाते हुए चुप रहने का दबाव बनाया। परिजनों के मुताबिक मरीज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र था और उसके पास योजना का कार्ड भी मौजूद था, फिर भी वेलसन अस्पताल प्रशासन ने इलाज के नाम पर एक लाख रुपये नकद जमा कराए। आरोप यह भी है कि अस्पताल ने योजना का लाभ देने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि बिना पैसे ऑपरेशन नहीं होगा। इतना ही नहीं परिजनों का दावा है कि जमा कराई गई राशि की न तो सही रसीद दी गई और न ही उपचार का स्पष्ट ब्योरा उपलब्ध कराया गया। जब इस संबंध में डॉक्टरों से पूछा गया तो उन्होंने उल्टे परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज करने लगे। परिजनों का आरोप है कि वेलसन अस्पताल में इलाज के नाम पर धोखाधड़ी की जाती है और बाहरी मरीजों को फंसाकर उनसे मोटी रकम वसूली जाती है। मामले पर अस्पताल के मालिक डा शैलेश त्रिपाठी ने परिजनों से नकद एक लाख रुपये जमा करवाने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए बताया कि आप्रेशन भी मरीज की स्थिति के मुताबिक ही किया गया है।

## हरौनी रेलवे स्टेशन पर महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार/शुभम सिंह चौहान संवाददाता

लखनऊ। थाना बंथरा पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5 अभियान के अंतर्गत हरौनी रेलवे स्टेशन पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं को 1090, 181, 112, 108 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में बताया तथा किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की। महिलाओं को आत्मविश्वासी और सतर्क रहने का संदेश देते हुए पुलिस ने कहा कि समाज में महिला सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## गोवंश से टकराई बाइक, मजदूर की मौत, साथी ट्रामा सेंटर रेफर

### दो संतानों के सर से उठा पिता का साया

अमन लेखनी समाचार



मृतक रामकिशोर फाइल – फोटो

लखनऊ। बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे बाइक सवार मजदूर की गोवंश से टकराने से मौत हो गई पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदाबाद कटौली निवासी रामकिशोर (35) रविवार शाम को बाइक से अपने साथी अभिषेक के साथ भतोइया में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे। तभी कटौली गांव के किनारे ईदगाह के पास पहुंचते ही बाइक के सामने शाम को अंधेरे में सड़क पर अचानक गोवंश सामने आ जाने से बाइक गोवंश से भीषण टक्कर हो गई। जिससे उसमें सवार रामकिशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसी गांव निवासी साथी अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदद से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने रामकिशोर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार को जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो पूरा गांव उमड़ पड़ा। हर आंख नम थी, हर जुबान पर एक ही सवाल सड़क पर घूमते गोवंश कब तक लोगों की जान लेते रहेंगे. अब पत्नी रामकिशोरी और उसके दोनों छोटे बेटे प्रिंस, आशु इस उम्मीद में हैं कि शायद प्रशासन उनकी मदद को आगे आएगा। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि क्षेत्र में गोवंश के सड़क पर घूमने से आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। यह हादसा सिर्फ एक मौत नहीं. सिस्टम की लापरवाही का प्रतीक बन गया है। गांव वालों ने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता व जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोवंश से टक्कर होने के बाद युवक की मौत हो गई जिसका पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सन्त सांई चाँडूराम साहिब जी को आर एस एस के क्षेत्र प्रचारक एवं प्रान्त प्रचारक ने दी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक पूर्वी उत्तर प्रदेश अनिल जी एवं प्रान्त प्रचारक अवध, कौशल जी ने आज शिव शान्ति संत आसूदाराम आश्रम आलमबाग लखनऊ पहुंचकर सन्त सांई चाँडूराम साहिब जी की श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर क्षेत्र प्रचारक अनिल जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह द्वारा प्रेषित शोक सन्देश का सार्वजनिक वाचन किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने पूज्य सन्त सांई चाँडूराम साहिब जी के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि, पूज्य सन्त साईं चाँडूराम साहिब जी को अपने पूज्य पिता सन्त साईं आसूदाराम साहिबजी के सत्यलोक सिधारने के पश्चात मात्र तेरह वर्ष की अल्पायु में ही गुरु गद्दी सँभालनी पड़ी। आरम्भ से ही वेदान्त में रुचि रखने वाले सन्त चाँडूराम साहिबजी ने किशोरावस्था में ह्यगुरुवाणी, श्रीमद्भागवतगीता, रामचरितमानस इत्यादि ग्रन्थों का गहन अध्ययन, मनन व चिन्तन किया। उन्होंने अनेक तर्कसंगत जिज्ञासुओं व वरिष्ठ सन्त-ज्ञानियों से गुरु समान सम्मान भी पाया। जिज्ञासुओं के समाधान के साथ ही वे इस निश्चय पर पहुँचे कि एक सच्चे ईश्वर-जिज्ञासु के लिए एक मात्र गुरुकृपा ही सर्वोपरि साधन है, शेष सभी साधन गौण हैं – 'गुरु बिनु भवनिधि तरहिं न कोई, जो विरंचि शंकर सम होई'।

सन्त सांई चाँडूराम साहिब जी ने ऐसा निश्चयपूर्वक जानकर ईश्वर के प्रति अपना पूर्ण आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने अपने अहमत्व का दावा त्यागकर स्वयं को अपने सद्गुरु एवं ईश्वर को समर्पित कर दिया; समाज में फैली बुराइयों और रूढ़ियों का कठोर शब्दों में खण्डन किया और समाज सुधार के लिए सदैव तत्पर रहे। वे एक वृहत समाज को सदैव अपने सात्विक मार्गदर्शन से प्रेरित करते रहे। उनके दिव्य लोक गमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ऐसे महान सन्त अपने स्वरूप में एकाकार हो जाते हैं। उनका जीवन हमें सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। हम उनके प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## लखनऊ में नौकरी दिलाने के नाम पर 40 लाख की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। नौकरी दिलाने के नाम पर 40 लाख रुपये की ठगी के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोठीभार पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों ने सरकारी विभागों से जुड़े होने का दावा करते हुए लोगों से पैसे लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र, अनुमति पत्र तथा परिचय पत्र प्रदान किए। सभी आरोपित लखनऊ के निवासी हैं। कोठीभार थाना क्षेत्र के बड़हरा महंथ निवासी मार्कंडेय यादव ने न्यायालय में वाद दाखिल किया। उन्होंने बताया कि उनकी मुलाकात राहुल सिंह से वर्ष 2022 में लखनऊ में हुई थी। राहुल ने दावा किया कि वह राममनोहर लोहिया अस्पताल में सरकारी नौकरी करता है। मार्कंडेय ने राहुल पर भरोसा करते हुए अपने 16 सगे संबंधियों और परिचितों को उसकी जानकारी दी। राहुल ने आयुष मंत्रालय में स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, गृह मंत्रालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर और आयुष्मान विभाग में डाटा एंट्री पद पर नौकरी दिलाने के लिए कुल 40 लाख 75 हजार रुपये लिए। इसके बाद राहुल सिंह व अभिमन्यु सिंह निवासी भारगांव कालोनी फैजुल्लागंज, मड़ियांव लखनऊ, पवन पांडेय निवासी सुभाष चंद्र बोस इंटर कालेज दाउदनगर मड़ियांव लखनऊ तथा सर्वेश पांडेय उर्फ मनोज निवासी मकान उपेंद्र वाजपेई हाउस फैजुल्लागंज मड़ियांव लखनऊ ने फर्जी नियुक्त पत्र और परिचय पत्र प्रदान कर दिया। कुछ लोगों को एक माह का वेतन भी मिला, लेकिन बाद में वेतन नहीं मिला। जब शक हुआ, तो जांच की गई और नियुक्ति पत्र फर्जी निकला। पुलिस से न्याय न मिलने पर न्यायालय की शरण ली गई। प्रभारी निरीक्षक कोठीभार धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राहुल सिंह, अभिमन्यु सिंह, पवन पांडेय और सर्वेश पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## यूपी में कोडीन सीरप बिक्री मामले में तीन गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कोडीनयुक्त सीरप की अवैध बिक्री के मामले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने तीन फर्मों के संचालकों पर एफआइआर कराई गई है। एक अन्य पर एफएसडीए एक्ट में एफआइआर हुई है। इसके अलावा प्रदेश भर से लिए कफ सीरप के 913 नमूनों में से 63 की रिपोर्ट संतोषजनक मिली है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) आयुक्त डा. रोशन जैकब ने बताया कि किसी भी नमूने में हानिकारक मिलावट नहीं पाई गई है। बचे हुए नमूनों की जारी है। सभी औषधि निरीक्षकों कोडीनयुक्त कफ सिरप और नारकोटिक्स दवाओं की खरीद, बिक्री व भंडारण की जांच जारी रखने के लिए कहा गया है। किसी भी स्तर पर अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डॉ. जैकब ने बताया कि कोडीन आधारित दवाओं के दुरुपयोग, अवैध वितरण की शुरूआती जांच और छापेमारी से पता चला है कि इनकी आपूर्ति केवल स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं है। कफ सीरप पंजाब, दिल्ली के साथ साथ असम के रास्ते बांग्लादेश तक पहुंचने की भी संभावना है। ये नेटवर्क अंतरराज्यीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दवा निर्माण से लेकर फुटकर बिक्री स्तर तक जांच की जा रही है। नारकोटिक्स ब्यूरो से जारी किए जाने वाले उत्पादन कोटा और लाइसेंस के साथ-साथ सभी निर्माण इकाइयों, स्टाकिस्ट, डिस्ट्रीब्यूटर, थोक और फुटकर विक्रेता से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।

## लखनऊ मंडलः टीटीई के लिए बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने सभी टीटीई लाबी में टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू कर दी है। इससे न केवल टिकट चेकिंग स्टाफ की उपस्थिति अब रियल टाइम में दर्ज होगी, वहीं कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय हो सकेगी।

वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि टिकट चेकिंग स्टाफ (टीटीई) की उपस्थिति प्रणाली को पूर्णतः डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित करते हुए एक और महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की है। मंडल के सभी 11 टीटीई लाबी लखनऊ, वाराणसी, उन्नाव, प्रयागराज संगम, शाहगंज, रायबरेली, अयोध्या धाम, सुलतानपुर बाराबंकी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं अयोध्या कैंट में बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली स्थापित की गई है।

इस प्रणाली के लागू होने से टिकट जांच कर्मियों की उपस्थिति अब रियल टाइम में दर्ज की जाएगी। इससे मैनुअल रजिस्टर की आवश्यकता समाप्त हो गई है और उपस्थिति डेटा अब सीधे डिजिटल रूप में संग्रहित होगा। यह पहल न केवल कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने में सहायक होगी, बल्कि कर्मचारियों की कार्यकुशलता, समयपालन एवं जवाबदेही को भी सुदृढ़ करेगी।

बायोमीट्रिक प्रणाली के माध्यम से मंडल के सभी टीटीई लाबी का उपस्थिति डेटा एकीकृत रूप से उपलब्ध रहेगा, जिससे प्रबंधन को कर्मियों की उपस्थिति एवं ड्यूटी आवंटन की वास्तविक समय में जानकारी मिल सकेगी। इससे कर्मियों की ड्यूटी शेड्यूलिंग एवं नियंत्रण में पारदर्शिता आएगी।

डीआरए सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि यह पहल डिजिटल भारत की दिशा में लखनऊ मंडल का एक महत्वपूर्ण कदम है। बायोमीट्रिक प्रणाली से कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया अब अधिक प्रामाणिक, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई है।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत परिजनो में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हाइवे पर एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रुदवारा गांव निवासी शिवचंद उर्फ होरीलाल (30) वह किसी काम से हाइवे पर गए थे, तभी बजेहरा मोड़ के पास लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर निवासी स्वर्ण पाल सिंह (36) ने अपनी बाइक से उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में शिवचंद और बाइक सवार स्वर्ण पाल सिंह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने शिवचंद की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन जब तक उसे जिला अस्पताल ले जाते, शिवचंद ने सीएचसी पर ही दम तोड़ दिया। शिवचंद की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सोहरामऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी सावित्री और उनके दो बेटे अरुण व आशू तथा एक बेटी अंशिका का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरे घायल स्वर्ण पाल सिंह को उनके परिजन सीएचसी से अपने साथ ले गए।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर दो युवकों की मौत

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना दरोगा खेड़ा चौकी के पास हुई। मृतकों की पहचान गुमान खेड़ा, मौरावां निवासी 17 वर्षीय शिवम यादव और लोहानीपुर, मौरावां निवासी 40 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक शनिवार शाम उन्नाव शहर में अपना काम निपटाने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। दरोगा खेड़ा चौकी के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे दोनों युवकों को गिरा देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही मनोज की मौत हो चुकी थी, जबकि शिवम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के समय दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर इतनी तेज थी कि शिवम का शव कुछ दूरी पर खंती में मिला, जबकि मनोज का शव सड़क किनारे बाइक के पास पड़ा था। आसपास के लोगों ने बताया कि हादसा देर शाम हुआ था, जब सड़क पर रोशनी कम थी और वाहन तेज गति से गुजर रहे थे। रविवार सुबह दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए, जहां परिजनों ने उनकी शिनाख्त की।

# शहीदों के परिजनों को उपहार व मिठाइयां भेंट कर बांटी दीवाली की खुशियां

अमन लेखनी समाचार



उन्नावः रविवार को हिन्दुओं के प्रकाशोत्सव के महापर्व दीपावली पर नर सेवा - नारायण सेवा समिति के संस्थापक व प्रखर हिन्दू वादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने शहीदों के चित्र पर दीपक जलाकर उन्हें नमन किया और परिजनों को उपहार व मिठाइयां भेंट कर दीवाली की खुशियां बांटीं।

विमल द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा हेतु अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले शहीद शशिकांत तिवारी, शहीद अजीत कुमार आजाद, शहीद कैलाश कुमार यादव, शहीद शुशील कुमार गौतम व शहीद विजय कुमार आदि शहीदों के परिवारों के संग गत वर्षो की भांति उनके घर पहुंचकर शहीदों के चित्र पर दीपक जलाकर उन्हें नमन किया और परिजनों को मिठाई, उपहार आदि भेंट कर दी दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और हमें उनके परिवारों का सम्मान करना चाहिए।

विमल द्विवेदी ने कहा कि प्रकाशोत्सव के महापर्व दीपावली जैसे त्योहार सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। इसलिए इस पर गिले शिकवे भूलकर सामाजिक एकता का प्रयास हम सभी सनातनियों को करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशेबाजी से दूर रहने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी बचाने में मदद मिलेगी। विमल द्विवेदी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के द्वारा दिए गए दीपावली पर विवादित बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा हमेशा से ही सनातन विरोधी रही है। समस्त हिन्दू समाज आगामी चुनाव में इसका जवाब अवश्य देगा और इनका राजनीतिक पतन निश्चित है। उन्होंने कहा कि सपा की इस तरह की बयानबाजी से केवल और केवल सनातन धर्म का अपमान होता है और इससे समाज में तनाव बढ़ता है।

इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सह संयोजक राकेश राजपूत, धर्मेंद्र शुक्ला, शिव ?सेवक, अभिषेक तिवारी, पूर्व सैनिक ए.के. दीक्षित, आर.के. मिश्रा, अंकुर तिवारी आदि राष्ट्र भक्तों ने भारत माता की जय घोष के साथ शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करना हमारा कर्तव्य है और हमें उनकी शहादत को कभी नहीं भूलना चाहिए। विमल द्विवेदी के इस कार्यक्रम से शहीदों के परिवारों को संबल मिला और उन्हें अपनी शहादत का सम्मान महसूस हुआ। इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में एकता और सौहार्द का संदेश जाता है और लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक किया जा सकता है।

# शिक्षक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय में पुष्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में फाउंडेशन के फाउंडर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने शिक्षको को सम्मानित करते हुए कहा शिक्षक समाज का दर्पण होता है। शिक्षक दूसरे अभिभावक होते हैं जो छात्रों को सही राह पर जीवन को संतुलित करने में मदद करते हैं। एक शिक्षक न केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि नैतिक और नैतिक मूल्य भी सिखाता है। इससे हमें एक बेहतर इंसान के रूप में अपने व्यक्तित्व को आकार देने में सहायता मिलती है। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में संचालन की भूमिका इकबाल सिंह ने निभाई। सुमेरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी ने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु पुष्प फाउंडेशन को बधाई देते हुए शिक्षकों की दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों मान्यता प्राप्त कॉलेजो के शिक्षको को पुष्प फाउंडेशन द्वारा कलेंडर, माँ सरस्वती प्रतिमा, डायरी, पेन व मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर योगेश बाजपेयी, बैजनाथ सिंह, पवन पासवान, प्रकाश सिंह, भोले सिंह, रामजी यादव, संगठा प्रसाद दीक्षित, विनय शुक्ला, विवेक सिंह, सुशील वर्मा, दीपिका सिंह, राजेश तिवारी, सुनील यादव, राजबहादुर सिंह, आशीष बाबू, शिव शंकर वर्मा, विनय पाल सिंह, विवेक सिंह, विष्णु मोहन सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।


# पटाखा बाजार में लौटी रौनक सजे अस्थाई पटाखा बाजार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपावली पर्व से पहले उन्नाव के बाजारों में रौनक लौट आई है। इस बार पटाखों की मांग में भारी इजाफा देखा जा रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में अस्थाई पटाखा बाजार सज गए हैं, जहां 100 रुपये से लेकर 5 हजार रुपये तक के पटाखे उपलब्ध हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी वर्ग के लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। पटाखा विक्रेताओं के अनुसार, इस साल बाजार में नए डिजाइन और रंग-बिरंगे पटाखे खूब पसंद किए जा रहे हैं। 'फुलझड़ी', 'रॉकेट', 'अनार' और 'चकरी' जैसी पारंपरिक आतिशबाजियों के साथ 'स्मोक बम', 'कलर फाउंटेन' और 'स्पार्कल बम' जैसे आधुनिक पटाखे भी उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री में करीब 30 से 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ग्राहकों का कहना है कि पटाखों की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी हुई है, लेकिन नए प्रकार के पटाखे उनकी पहली पसंद बन गए हैं। बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है। स्कूलों की छुट्टियां शुरू होते ही बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है और दिनभर दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रहती है। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। पटाखा बाजारों में अग्निशमन विभाग की टीमों को मुस्तैद रहने को कहा गया है। दुकानों पर अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य किया गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार बाजारों का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। दीपावली के त्योहार पर उत्साह और उमंग के बीच उन्नाव के बाजारों में आतिशबाजी का जादू छाया हुआ है।

# महिला सिपाही की सड़क हादसे में मौत, ड्यूटी से वापस लौटते समय हुआ सड़क हादसा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। रविवार देर शाम सड़क दुर्घटना में बांगरमऊ कोतवाली में तैनात महिला आरक्षी प्रियंका यादव की मौत हो गई वह ड्यूटी से लौट रही थी तभी यह हादसा हुआ। प्रियंका यादव रविवार को बांगरमऊ से उन्नाव जिला अस्पताल आई थी वह एक महिला का मेडिकल परीक्षण करने के बाद माधोगंज निवासी एक युवक के साथ बाइक से वापस बांगरमऊ कोतवाली लौट रही थी तभी सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमालुद्दीनपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे प्रियंका यादव गंभीर रूप से घायल हो गई हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी एंबुलेंस कर्मियों ने घायल सिपाही महिला को जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला सिपाही को मृत घोषित कर दिया प्रियंका यादव मूल रूप से मऊ जनपद की निवासी थी और 2018 बैच की महिला सिपाही थी महिला सिपाही की मृत्यु की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में दुख छा गया बांगरमऊ कोतवाली के पुलिसकर्मी और अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर शोक व्यक्त किया सफीपुर पुलिस ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा की विभाग ने एक मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ सिपाही खो दिया है उन्होंने परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है और बताया कि हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार को मारी टक्कर, किशोर की मौत, भाई व चाचा घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ़्तार डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका जुड़वा भाई और चाचा दोनों गंभीर घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कस्बे के मोहल्ला आनंदी टोला निवासी रामू पुत्र भूधर दिल्ली शहर में रहकर मजदूरी करता है। दीपावली त्योहार मनाने के लिए वह अपने घर लौट रहा था। रामू ने बीते शनिवार को देर रात नजदीकी कस्बा मल्लावां पहुंचने से पहले अपने जुड़वा भाई श्यामू को फोन कर बस स्टाफ बुलाया था। उसका भाई श्यामू और पारिवारिक चाचा धर्मेन्द्र उसे लिवाने कस्बा मल्लावां पहुंचे। जहां से तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर गंजमुरादाबाद लौट रहे थे। तभी रास्ते में हरदोई -उन्नाव मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर पुलिया के निकट सामने से तेज गति से आ रही डी सी एम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों घायलों को स्थानीय नजदीकी सरकारी अस्पताल लाई। जहां चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किंतु उन्नाव पहुंचते ही रामू के जुड़वा भाई श्यामू 17 वर्ष की मौत हो गई। जबकि भाई रामू व धर्मेन्द्र का लखनऊ में इलाज जारी है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। तहरीर मिलते ही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# 62 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत एक युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आबकारी विभाग ने दीपावली से पहले अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुरवा तहसील क्षेत्र में छापेमारी के दौरान 62 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सई नदी के किनारे ग्राम असरेंदा, बरेन्दा और बैगांव में दबिश दी। इस दौरान अवैध शराब बनाने और बेचने वालों में हड़कंप मच गया। टीम ने मौके से करीब 600 किलोग्राम महुआ लहन को नष्ट कर दिया। साथ ही शराब बनाने के उपकरण, ड्रम और बर्तन भी जब्त किए गए। आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह ने बताया कि यह अभियान जिले में चल रहे विशेष नियंत्रण अभियान का हिस्सा है। दीपावली के दौरान अवैध शराब की बिक्री और खपत बढ़ जाती है, जिससे अक्सर अप्रिय घटनाएं घटित होती हैं। इसीलिए विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ा दी है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश में टीम लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में इस अभियान को और तेज किया जाएगा, ताकि किसी भी तरह की अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। इस कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने पुष्टि की कि पुरवा कोतवाली और मौरावां थाना क्षेत्र में आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध शराब निर्माण की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि त्योहार के दौरान लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर कोई खतरा न आए।

# पावन धाम कुटी बीर बाबा में 5100 दीप जला मनाया गया प्रकाश पर्व



अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के अजयपुर गांव स्थित पावनधाम कुटी बीर बाबा में छेत्र के अजयपुर, दुगार्खेड़ा, पहाड़पुर, निमैचा, कन्दरपुर, रैनपुर, पाठकपुर, असोहा, नेवादा, सेमरी आदि गांवों के सैकड़ो लोगो ने दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत 5100 दीप जला प्रकाश पर्व मनाया। प्रकाश पर्व से पूर्व संदीपा, श्रद्धा, सिवानी, आस्था, सौम्या, तेजस्वी, आकांछा, माधुरी, ममता, विनीता, रानू, बिट्टू, रागिनी, मनोरमा, तन्ना, मोनिका, कर्तव्य, नैतिक, रामसनकर, आकाश, शिवम, गुड्डू, सहित दर्जनों, छात्र, छात्राओं ने सुंदर रंगोली के तहत स्वस्तिक, शुभ दीपावली, शुभ लाभ, जय श्री राम लिख कर दीपो से सुसज्जित करते हुए पावनधाम को रोशनी से जगमग कर दिया। दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता संजय शुक्ल, तेजस शुक्ल।, विनोद शुक्ल, कल्लू त्रिवेदी, चौधरी लोधी, आकाश विश्वकर्मा, त्रिभुवन त्रिपाठी, अभिषेक, लकी, आयुष, विकास, दीपेंद्र, राज, अनुराग,, गोपाल सहित सैकंडो की संख्या में छेत्र वासी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वर्षा, काजल, उमा, गुंजन, रोशनी, नैंसी, ज्योति आदि ने सुंदर रंगोली का निर्माण किया। जितेंद्र, ऋतु राज, सौरव, गोविंद, खुशबू पारुल, कोमल नव्या, प्रीति आदि ने महाविद्यालय की साज सज्जा में सहयोग किया। प्राचार्य डॉक्टर विष्णु मिश्रा, प्राध्यापक डॉ दिग्विजय नारायण, डॉ सविता राजन, डॉ किरण, डॉक्टर रवि राज वर्मा, डॉ हरिओम दिवाकर, डॉ सुनीता निरंकारी, डॉअभिषेक कुमार, डॉ धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ शैलजा त्रिपाठी, डॉ सुमन देवी, डॉक्टर बृज किशोर गुप्ता व कर्मचारियों ने दीपक जलाकर सभी के जीवन में इसी प्रकार रोशनी रहे का संदेश दिया। प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय परिवार को उपहार स्वरूप दीए भेंट किए गए तथा छात्र-छात्राओं में मिष्ठान वितरण कराया गया। समस्त कार्यक्रम समारोहक डॉक्टर दिग्विजय नारायण मिशन शक्ति संयोजिका डॉक्टर सविता राजन सांस्कृतिक निराला क्लब की संयोजिका डॉक्टर किरण की देखरेख में संपन्न कराए गए। इस अवसर पर अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# 150 वर्षों से ऐतिहासिक स्वदेशी बाजार मेला आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पिछले 150 वर्षों से एक ऐतिहासिक स्वदेशी बाजार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला स्थानीय संस्कृति, आत्मनिर्भरता और व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'स्वदेशी अपनाओ' के संदेश को भी साकार करता है। यह मेला विजय दशमी (दशहरा) के पांचवें दिन पूर्णिमा से शुरू होकर लगभग एक माह तक चलता है। इसका विस्तार बड़ा चौराहा से लेकर रामलीला मैदान तक करीब एक किलोमीटर तक होता है, जहां सड़क के दोनों ओर दुकानें सजती हैं। इसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए छोटे-बड़े दुकानदार अपने स्वदेशी उत्पादों की बिक्री करते हैं। मेले की मुख्य विशेषता यह है कि यहां केवल देश में निर्मित उत्पाद ही बेचे जाते हैं। कांच के बर्तन, लकड़ी के खिलौने, प्लास्टिक और स्टील के घरेलू सामान, महिलाओं के श्रृंगार की वस्तुएं, कपड़े, बर्तन और खिलौने जैसे सभी उत्पाद किफायती दामों पर उपलब्ध होते हैं। यही कारण है कि यह मेला स्थानीय निवासियों के साथ-साथ बाहर से आने वाले व्यापारियों और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। दुकानदार अरशद ने बताया कि यह मेला उनके पूर्वजों के समय से उन्होंने कहा कि 'स्वदेशी अभियान' के कारण अब लोगों की रुचि भारतीय वस्तुओं की ओर बढ़ी है, जिससे बिक्री में भी वृद्धि हुई है। एक अन्य दुकानदार अकील का कहना है कि देश में बने सामान खरीदने से न केवल उनकी आमदनी बढ़ती है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। स्थानीय निवासी सौम्या पाल ने खरीदारी करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के 'स्वदेशी अपनाओ' के संदेश से प्रेरित होकर अब वे सभी भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देती हैं। उनका मानना है कि इससे देश का पैसा देश में ही रहता है। स्थानीय निवासी डॉ. पिंशु पाल ने जानकारी दी कि यह मेला उन्नाव की पहचान है। दशकों से लोग इसका इंतजार करते हैं, क्योंकि यहां रोजमर्रा की जरूरत की हर चीज सस्ती और अच्छी गुणवत्ता में मिल जाती है।

# कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष बने बुजुर्गों और जरूरतमंदों का सहारा दीवाली पर दिया उपहार, राशन और बांटा सबका दर्द

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जहां एक तरफ पूरा देश दिवाली का बड़ा पर्व मना रहा है वहीं दूसरी ओर उन्नाव की एक ऐसी संस्था भी है जो सड़क किनारे जीवन यापन करने वाले बुजुर्गों को दिवाली का उपहार बांट रही है जी हां कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन उन्नाव की संस्था इस दिवाली उन लोगों के चेहरे पर खुशियां लाने का कार्य कर रही जिनकी दीवाली हर साल फीकी पड़ती थी, संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा का अनूठा प्रयास सभी के चेहरों की खुशियां बन रहा सवाल ऐसे जिसका जवाब कोई बच्चा भी दें दें जब चेतन से पूछा गया कि इस अनूठी पहल का उद्देश्य क्या है तो उन्होंने बताया कि बहुत से परिवार सड़क किनारे अपना त्यौहार मनाते है गरीबी के आभाव में खुशियां उनसे दूर हो जाती है इसी बात को ध्यान में रखते हुए उपहार स्वरूप राशन दान दिया गया राशन लेने में किसी को शर्मिंदगी ना महसूस हो इसलिए इसको एक खेल का रूप दिया गया जिसमें आसान से आसान सवालों को पूछा गया और उसके बाद बुजुर्गों को जीत का उपहार स्वरूप दीवाली गिफ्ट दिया गया चेतन ने यह भी बताया कि संस्था परिवार ने यह सब व्यवस्था मिलकर की है और संस्था द्वारा निरंतर तीन वर्ष से निशुल्क भोजन वितरण, रक्तदान शिविर, गौ सेवा, वानर सेवा इत्यादि जैसे बहुत से नेक कार्य हो रहे हैं संस्था बीमार लोगों के इलाज में भी मददगार साबित हो रही है मतलब ये कह लें कि उन्नाव की सबसे अलग संस्था बनकर दिखाया है कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन ने विगत तीन वर्षों में और इसका पूरा क्रेडिट चेतन अपने सहयोगियों को सदस्यों को और सेवा में हाथ बटाने वालो को देते हैं ऐसी प्रेरणा को हम अखबार वाले भी सलाम करते हैं।

# धनतेरस में उमड़ी खरीददारों की भीड़ 70 करोड़ से अधिक का हुआ कारोबार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। धनतेरस के अवसर पर बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार को शुभ मुहूर्त में हुई खरीदारी के कारण जिले में 70 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। ऑटोमोबाइल सेक्टर में लगभग 15 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया गया। शहर के शोरूमों में वाहन खरीदारों की भीड़ देखी गई, जहां ग्राहकों की लंबी कतारें लगी थीं। चार पहिया और दोपहिया वाहनों की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई। कई ग्राहकों ने पहले से बुक किए गए वाहनों की डिलीवरी ली। दोपहिया वाहनों की बिक्री लगभग 2 करोड़ रुपये रही, जिसमें युवाओं ने स्पोर्ट्स और महंगी बाइकों को प्राथमिकता दी। इसके अतिरिक्त, ट्रैक्टर, ई-रिक्शा और ऑटो टेंपो की बिक्री में भी वृद्धि हुई, जिससे इस खंड में 10 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। ज्वेलरी सेक्टर में 25 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। सोने-चांदी की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। सोने की कीमतों में वृद्धि के बावजूद, ग्राहकों ने हल्के वजन के आभूषणों को पसंद किया। अंगूठी, ने हल्के वजन के आभूषणों को पसंद किया। अंगूठी, चेन, मंगलसूत्र, झुमके और मांग टीका की बिक्री सर्वाधिक रही। चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं और पूजन सामग्री की मांग में भी बढ़ोतरी हुई। इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ रही, जहां टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल और रसोई उपकरणों की बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई। कंपनियों द्वारा दिए गए आकर्षक छूट और तीन साल की वारंटी योजनाओं ने ग्राहकों को आकर्षित किया। इस क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। वहीं, पारंपरिक रूप से धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा भी कायम रही। प्रेशर कुकर, गैस चूल्हा, इंडक्शन और स्टील के बर्तनों की बिक्री से कारोबारियों ने करीब 2 करोड़ रुपये की कमाई की। दीपावली नजदीक होने से कपड़ा बाजारों में जबरदस्त भीड़ रही। शहर के प्रमुख शोरूमों और स्थानीय दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। विभिन्न ब्रांड्स की ओर से दी गई 10 से 50 प्रतिशत तक की छूट और ₹वन प्लस वन₹ जैसे ऑफर्स ने ग्राहकों को आकर्षित किया। अनुमान के अनुसार, कपड़ा बाजार में 8 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। धनतेरस पर इस बार मिट्टी से बनी सुंदर लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाएं खरीदारों की पहली पसंद रहीं। ये प्रतिमाएं 60 रुपये से 300 रुपये तक में बिकीं। इसके अलावा बाजारों में रंग-बिरंगी रंगोलियों, दीपों और स्टीकरों की भी जमकर बिक्री हुई, जिससे बाजार की सुंदरता और बढ़ गई। त्योहार के पारंपरिक स्वरूप को बनाए रखते हुए लोगों ने लइया, चूरा और गट्टा की खरीदारी भी बड़े उत्साह से की। शहर और ग्रामीण इलाकों में इन वस्तुओं की दुकानों पर भारी भीड़ रही। पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री ने यह साबित किया कि आधुनिकता के इस दौर में भी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्व कम नहीं हुआ है।

## सम्पादकीय

# बच्चे की तरह बयानबाजी क्यों कर रहे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति होकर भी उनकी हरकतें उस बिगड़ैल बच्चे के समान होती जा रही हैं जो अपनी जिद पूरी न होने पर चीखता-चिल्लाता और हाथ-पैर पटकता है। उनकी हर टिप्पणी हैरान करने वाली होती है। वो ऐसे इंसान हैं, जो कभी भी, कुछ भी कह सकते हैं। कभी भारत को डूबती अर्थव्यवस्था बताने वाले ट्रंप अब कह रहे हैं कि जल्द ही भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज पीएम मोदी ने मुझे भरोसा दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। दरअसल, अमेरिका अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 फीसदी रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। जिस दिन से टैरिफ लगा है ट्रंप समेत अमेरिकी प्रशासन के अनेक सदस्य भारत को लेकर बयानबाजी करते आ रहे हैं। खुद ट्रंप भी लगातार ऐसा कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने ऐसा ही किया था। वो लगातार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने ही युद्ध विराम करवाया था। डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान शांति कायम करने में मदद की थी। उनके हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध के कगार से पीछे हटने को मजबूर हुए। ट्रंप की यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 टैरिफ के लागू होने से कुछ ही घंटे पहले आई थी। हालांकि, भारत शुरू से ही ट्रंप के सीजफायर कराने के दावे को खारिज करता रहा है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। ऐसे ही उन्होंने भारत की दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था को डूबता हुआ बता दिया था। इसी से साफ हो गया था कि ट्रंप एक दिग्भ्रमित या फ्रस्टेटेड राजनेता हैं और ये उनकी नकारात्मक सोच है। ट्रंप को समझ लेना चाहिए कि कौए के कोसने से आसमान नहीं गिरा करता। भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व की प्रमुख गतिशील इकोनॉमी है जिसने ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ दिया है। एशियाई विकास बैंक ने भी 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जाहिर किया है। भारत में कार्यक्षम युवा आबादी की औसत आयु 28.8 वर्ष है जबकि अमेरिका में 38.5 वर्ष है। इस लिहाज से जवान सक्रिय वर्क फोर्स या कार्यबल के मामले में भारत बेहतर स्थिति में है। भारत में प्रचुर मानव संसाधनों के अलावा तकनीक में कुशल युवा भी बड़ी तादाद में हैं जो अंतरिक्ष, एआई आदि क्षेत्रों में सक्रिय रहकर देश की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में लगे हैं। इकोनॉमी को यही आगे बढ़ाते हैं। ट्रंप के कहने से न तो इकोनॉमी बढ़ने वाली है और न ही डूबने वाली। अब वो दावा कर रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। जबकि भारत पूरी तरह से साफ कर चुका है कि वो अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए फैसले लेने को स्वतंत्र है। इसके लिए हमें अमेरिका तो क्या दुनिया की कोई भी ताकत बाध्य नहीं कर सकती। इसके बावजूद ट्रंप अपना राग अलाप रहे हैं। ऐसा उन्होंने पहली बार नहीं किया है। वो बार-बार ऐसा करके दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब का नया भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। वो अपने फैसले खुद करता है।



राहत
योगेश कुमार सोनी

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है।

# ग्रीन पटाखों की अनुमति से खुशी

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपको यह बताते हैं कि ग्रीन पटाखे क्या होते हैं। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। ऐसे पटाखों को पूरे देश में लाने के लिए सरकार काम कर रही है। अब यदि दिल्ली-एनसीआर के परिवेश में बात करें तो बीते कुछ वर्षों में यहां की आबोहवा में जरूरत से ज्यादा फर्क आ गया। बढ़ते ट्रांसपोर्ट, पराली जलाने और इसके साथ ही पटाखों के प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर के लोगों की जान आफत में रहती है। दरअसल, यह वो समय होता है कि प्रदूषण हवा में घुलकर रह जाता है क्योंकि सर्दी की प्रारंभिकता होती है और मौसम में बदलाव की वजह से हवा नहीं चलती जिससे यह 50 से 70 फुट तक ही घूमता रहता है। इस वजह से सांसों के जरिये हमारे शरीर में घुसकर यह स्वास्थ्य पर सीधा प्रहार करता है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें, इस मामले में हर कोई गंभीरता दिखाते हुए काम कर रहा है। बीते दशक भर में दिल्ली में दिवाली के आसपास प्रदूषण की स्थिति खतरनाक हो जाती है और कोर्ट का मानना है कि पटाखों से प्रदूषण और अधिक हो जाता है।

इस प्रकरण की अहम बात यह है कि पटाखों में प्रतिबंध के बावजूद ब्रिकी में कोई कमी नहीं आती। चूंकि प्रशासन की सेटिंग से दुकानदार धड़ल्ले से पटाखें बेचते हैं और लोग जमकर खरीदते भी हैं। बीते 7 अक्टूबर दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह सुप्रीम कोर्ट जाएगी और ग्रीन पटाखों की अनुमति लेगी जैसा कि वर्ष 2019 से दिल्ली में सभी पटाखों पर बैन है और मुख्यमंत्री ने जनभावना को देखते हुए सीमित ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत मांगी थी। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट पटाखों से प्रतिबंध हटाता है तो हम वो सभी कदम उठाने को तैयार हैं कि जिससे निर्देशों का पूरी तरह से पालन होगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अगर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध हटा लिया जाता है तो हम अदालत के आदेश के आलोक में आवश्यक कदम उठाने के लिए तुरंत एक बैठक करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आदेश का पालन हो। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से आम पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है लेकिन कई वर्षों से पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार न तो इसके लिए कोई काम कर पाई थी और न ही जागरुकता फैला पाई थी। इस बार बारी भारतीय जनता पार्टी की जिसको इस कसौटी पर खरा उतरना बाकी है। चूंकि आम आदमी पार्टी के समय में बीजेपी के कई बड़े नेता इस मामले को लेकर केजरीवाल को घेरते थे और कहते थे कि थे कि पटाखे पर बैन लगाना हिंदुत्व पर प्रहार है हालांकि आदेश हर बार कोर्ट का ही



होता था और अब भी कोर्ट का ही है लेकिन दिल्ली सरकार अब अपनी कितनी सक्रियता दिखाते हुए किस तरह का हल निकालती है,यह देखना बाकी है। दरअसल हम प्रदूषण को लेकर आज तक यह तय नहीं कर पाए कि इसकी असली वजह क्या है? इस मामले को लेकर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है।

कुछ कहते हैं कि सर्दियों के मौसम में प्रदूषण बढ़ ही जाता है और बीते लगभग दो दशकों में दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक प्रदूषण बढने का कारण यह रहा कि दिल्ली से सटे हर कोने में जितनी हरियाली थी वहां बड़ी-बड़ी इमारतें बन चुकी हैं। जैसे कि गाजियाबाद से सटे राज नगर में लाखों फ्लैट बन चुके। दूसरी ओर गुरुग्राम में जितनी हरियाली थी आज वहां एक-एक इंच जगह किसानों ने बेच दी और मुआवजे में आ चुकी और वहां भी लाखों फ्लैट बन चुके बल्कि एशिया के सबसे महंगे फ्लैट बिकने लगे। वहीं तीसरी ओर लोनी बॉर्डर चौथी और फरीदाबाद में भी यही स्थिति है। इसके अलावा विशेषज्ञों का मानना है कि हमेशा पराली को लेकर भी प्रदूषण को सबसे बड़ा कारण है चूंकि लेकिन पराली जलाने से वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है क्योंकि यह हवा में हानिकारक गैसों और कणों को छोड़ता है जैसे कि मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर। यह धुंध का निर्माण करता है जो शहर में वायु गुणवत्ता को खराब करता है। पराली जलाने के कारण प्रदूषण का स्तर सर्दियों के महीनों में विशेष रूप से गंभीर होता है,क्योंकि धीमी हवाएं इन प्रदूषकों को शहर के ऊपर फंसा लेती हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में हर रोज सैकड़ों वाहन खरीदे जाते हैं अर्थात राजधानी में अपनी क्षमता से अधिक वाहन हो चुके जो प्रदूषण बढ़ने का भी एक बड़ा कारण है। पटाखों को लेकर कोर्ट की सबसे जटिल समस्या यह है कि दीपावली आने का समय सर्दी होती है और उस समय दिल्ली में प्रदूषण की प्रारंभिकता बहुत बढ़ जाती है और कोर्ट द्वारा यह समझा जाता है कि पटाखे जलाने से प्रदूषण बहुत अधिक मात्रा में बढ़ जाता है। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद पटाखों के बेचने व खरीदने में किसी प्रकार की कोई कमी देखने को नहीं मिलती। ग्रीन पटाखों के नाम पर हल निकालने का प्रयास किया जाता है लेकिन वह भी अब तक विफल है। पटाखों पर प्रतिबंध कुछ लोग अपनी आस्था पर चोट समझते हैं जिसको लेकर कई हिंदूवादी संगठनों व नेताओं के ब्यान हर वर्ष देखने व सुनने मिलते हैं। यह बात तो तय है कि दिवाली हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है और इस पर्व पर आखिर पटाखे न जलाकर कैसे पर्व पूरा समझा जाए। जब से सनातन का उदय हुआ है तब से यह प्रथा चली आ रही है और वह भी हम न निभा पाएं तो त्योहार पूरा नहीं लगता।

सवाल यही है कि दिल्ली में इसका समाधान कैसे संभव है चूंकि अब हर वर्ष यही देखने व सुनने को मिलता है जो हिंदुओं को कुंठित कर रहा है। कोर्ट व जनता के बीच फंसा यह भावनात्मक घटनाक्रम अब निराशा के रूप में बड़ा आकार ले रहा है। हाल ही में दिल्ली में कई जगहों पर अवैध रूप से पटाखे बेचने पर छापेमारी भी की जा रही है लेकिन बावजूद इसके ब्रिकी धड़ल्ले से जारी है। इसमें एक सवाल यह उठकर आ रहा है कि आखिर राजधानी में इतना पटाखा कहां से आ रहा है? चूंकि पूर्ण रूप से प्रतिबंध होने के बावजूद इतनी मात्रा में आखिर किस तरह इतने बम-पटाखे लाए जा रहे हैं? हालांकि स्थिति स्पष्ट है कि बिना प्रशासन की मिलीभगत से यह कैसे भी संभव नहीं है,तो फिर यह ड्रामा क्यों किया जा रहा है? इस खेल में कई लोग फंस सकते हैं। बहरहाल कोर्ट व सरकार ने इसका कुछ समाधान तो निकाला जिससे लोगों के मन की कुंठा भी निकली व त्योहार भी मन जाएंगे।

श्रद्धांजलि
डॉ. घनश्याम बादल



# असमय जाना 'कर्ण' का

दूरदर्शन सीरियलों 'महाभारत' के कर्ण और 'चंद्रकांता' के शिवदत्त जैसे ऐतिहासिक पात्रों का जीवंत अभिनय करने वाले एक्टर और निर्देशक पंकज धीर का जाना उन दर्शकों को अधिक अखरेगा जो शांत और गहरा अभिनय देखने के लिए टेलीविजन सेट खोलते हैं या फिल्म हॉल में जाते हैं । हालांकि पंकज धीर लोकप्रिय सिनेमा में कोई बहुत बड़ा नाम नहीं थे लेकिन फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन धारावाहिकों में उनकी उपस्थिति हमेशा उल्लेखनीय रही। टेलीविज़न के इतिहास में यदि किसी अभिनेता ने अपने अभिनय से देवताओं, योद्धाओं और आदर्श पुरुषों के चरित्र को जीवंत किया है, तो उनमें पंकज धीर का नाम अग्रणी रहा । "महाभारत" के कर्ण के रूप में उन्होंने जो छाप छोड़ी वह अमिट है। चंद्रकांता धारावाहिक में भी शिवदत्त के छोटे से रोल में उनका एक डायलॉग 'कोई शक' दर्शकों के दिलों दिमाग पर छाया रहा। पंकज धीर का अभिनय केवल संवादों तक सीमित नहीं था, बल्कि भाव-भाषा और भंगिमा पर उनकी गज़ब की पकड़ को दर्शाता था। पंकज धीर 9 नवंबर 1956 को मुंबई में फिल्मी परिवार में जन्मे,उनके पिता सी.एल. धीर हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक थे। अभिनय कला उन्हें विरासत में मिली। पंकज धीर ने भी अध्ययन पूरा करने के बाद फिल्मों में आना चुना और 1983 में फिल्मी करियर की शुरुआत की। समय के साथ उन्हें बड़ी फिल्में भी मिलने लगीं जिनमें "खून भरी मांग", "क्रोध", "बाज़ीगर", "तीसरी आंख", "सोने पे सुहागा", "सैनिक", और "सोल्जर" जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। उनके किरदार प्रायः गंभीर, संयमी और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले रहे। लेकिन पंकज धीर को असली पहचान मिली महाभारत से। 1988 में बी.आर. चोपड़ा निर्मित "महाभारत" धारावाहिक में कर्ण की भूमिका ने पंकज धीर को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया। कर्ण का पात्र जटिल भावनाओं, आदर्शों, त्याग और त्रासदी का प्रतीक था।



पंकज धीर ने इस भूमिका को न केवल सशक्त अभिनय से जीवंत किया, बल्कि उसे ऐसा मानवीय रूप दिया कि आज भी दर्शक "कर्ण" का नाम सुनते ही उनके चेहरे को याद करते हैं। उनकी आंखों की गहराई, संवादों की गंभीरता और नैतिक द्वंद्व की अभिव्यक्ति ने उन्हें भारतीय टेलीविज़न के पारंगत एवं लोकप्रिय अभिनेताओं में शामिल कर दिया। "महाभारत" के इस पात्र ने पंकज धीर को प्रसिद्धि और सम्मान दोनों दिलाए ।

"महाभारत" के बाद भी पंकज धीर ने कई अन्य धारावाहिकों में भी प्रभावी भूमिकाएँ निभाईं जैसे "बेताल पच्चीसी" में रहस्यमय नायक "चंद्रकांता" में राजसी व्यक्तित्व "युग", "दीया और बाती हम", और "बड़े अच्छे लगते हैं" जैसे धारावाहिकों में भी उन्होंने चरित्र निभाए। उनके अभिनय में परिपक्वता और शालीनता की झलक हमेशा बनी रही। पंकज धीर केवल अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक सक्षम निर्देशक भी हैं। उन्होंने फिल्म "बैड बॉय" का निर्देशन किया, जिसमें उनके पुत्र निकितिन धीर ने मुख्य भूमिका निभाई। वे नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए एक अभिनय प्रशिक्षण संस्थान भी चलाते थे। कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ने वाले पंकज धीर की पत्नी अनीता धीर, स्वयं अभिनेत्री व डिजाइनर हैं। पुत्र निकितिन धीर ने भी चेन्नई एक्सप्रेस, डब्बा, शेरशाह जैसी फिल्मों में काम किया है। पंकज धीर का व्यक्तित्व अभिनय से कहीं बड़ा रहा। वे मानते थे "अभिनय केवल अभिनय नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है।" भारतीय टेलीविज़न में जिस गंभीरता और गरिमा के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई, वह उन्हें औरों से अलग करती थी । अभी भी केवल 68 वर्ष के थे और लंबी पारी खेल सकते थे लेकिन कैंसर से एक बार जंग जीतने के बावजूद वह पुनः उससे पीड़ित हुए और उन्हें जिंदगी की जंग हारनी पड़ी। एक प्रकार से पंकज धीर का अपने बेटे को फिल्म जगत में अच्छे से स्थापित करने का सपना भी उसी तरह अधूरा रह गया

## श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इसी दिन वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदुरुस्त रहने के लिए लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। - *ब्रिजेश पटेल, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

### उरुग्वे में इच्छामृत्यु देने वाला कानून किया पारित

उरुग्वे की सीनेट ने इच्छामृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित कर दिया है जिससे यह दक्षिण अमेरिकी देश उन कुछ अन्य देशों में शामिल हो गया है जहां गंभीर रूप से बीमार मरीज अपना जीवन समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को उठाए गए इस कदम से उरुग्वे कैथोलिक बहुल लैटिन अमेरिका में कानून के तहत इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला पहला देश बन गया है। उरुग्वे में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की सीनेटर पेट्रीसिया क्रेमर ने देश की राजधानी मोंटेवीडियो में सांसदों से कहा, 'जनमत हमें इस पर विचार करने के लिए कह रहा है।' पिछले पांच साल से रुक-रुक कर आगे बढ़ते रहे



## ऑफ बीट

### दुनिया में हर साल बढ़ेंगे 57 अत्यधिक गर्म दिन

दुनिया इस सदी के अंत तक हर साल लगभग दो महीने तक 'अत्यधिक गर्म' दिनों का सामना करेगी और इसका सबसे ज्यादा असर छोटे व गरीब देशों पर पड़ेगा, जबकि सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों को इसकी मार कम झेलनी पड़ेगी। बृहस्पतिवार को जारी एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हालांकि, 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के बाद से उत्सर्जन कम करने के प्रयासों ने गंभीर स्थिति को कुछ हद तक रोका है। अध्ययन के मुताबिक, अगर यह समझौता नहीं हुआ होता तो पृथ्वी को हर साल 114 और घातक गर्म दिनों का सामना करना पड़ता।



## ट्रेंड

### बस्तर नक्सली हिंसा मुक्त



यह अत्यंत हर्ष की बात है कि आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया है। अब छिटपुट नक्सली केवल साउथ बस्तर में बचे हैं, जिन्हें सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### न्याय की दिशा



हमारे प्यारे जुबिन के लिए न्याय की दिशा में एक और कदम। सिंगापुर पुलिस के अधिकारी 21 अक्टूबर को विशेष पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) और विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व वाली असम पुलिस टीम से मिलेंगे।
-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### साईं चाँडूराम को श्रद्धांजलि



सिंधी समाज के संत शिरोमणि, पूज्य श्री शांति आश्रम के पीठाधीश्वर, साईं चाँडूराम साहिब के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उनका जीवन-दर्शन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### निष्पक्ष और तेज़ जांच हो



पिछले महीने मशहूर गायक जुबिन गर्ग की संदिग्ध मौत ने देशभर के संगीत प्रेमियों को झकझोर दिया था। सरकार से हमारी अपील है कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मामले की निष्पक्ष और तेज जांच कराई जाए। इस मामले की न्यायिक प्रक्रिया को भी तेज किया जाए।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## संक्षेप

### सड़क मरम्मत के दौरान बाइक फिसलने से दो घायल

**पखरौली दो मुंहा मार्ग पर हुआ हादसा**

सुलतानपुर, दो मुंहा सुल्तानपुर बाईपास मार्ग पर सड़क मरम्मत के दौरान एक बाइक फिसल गई, जिससे उस पर सवार युवक संजय और युवती नीलम घायल हो गए। यह घटना कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई। शम्भूगंज निवासी संजय और नीलम शहर की ओर जा रहे थे। सड़क मरम्मत के काम में लगे एक कर्मचारी करन द्वारा सड़क पर एलडीए ऑयल डाला जा रहा था, तभी बाइक फिसल गई और करन से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक और एक मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त हो गए। साथ ही, वाहन के कागजात भी तेल से भीग गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के परिजनों को सूचित किया। दुर्घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### मछली के जाल में फंसा अजगर

**मछुआरों में मचा हड़कंप, वन विभाग को दी सूचना**

सुलतानपुर, दूबेपुर के नरहरपुर पुल के पास शारदा सहायक खंड 49 में एक अजगर मछली पकड़ने वाले जाल में फंस गया। मछुआरों ने जब जाल निकाला तो अजगर को देखकर उनमें हड़कंप मच गया। अजगर को किसी तरह जाल से बाहर निकाला गया, लेकिन वह पास की झाड़ी में छिप गया। जानकारी के अनुसार, महामाई धाम के पास शारदा सहायक 49 की बड़ी नहर में मछुआरों ने गुरुवार को मछली पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। अगले दिन सुबह जब मछुआरे जाल निकालने पहुंचे, तो उन्हें भारीपन महसूस हुआ। शुरूआत में मछुआरों को लगा कि कोई बड़ी मछली फंसी है। जब उन्होंने जाल खींचा और करीब पहुंचे, तो उसमें एक अजगर फंसा हुआ था। अजगर को देखकर सभी मछुआरे डरकर भागने लगे। जाल को खींचकर नहर से बाहर लाया गया और अजगर को सावधानीपूर्वक मुक्त कराया गया। जाल से निकलने के बाद अजगर नहर किनारे उगी झाड़ी में जा छिपा। अजगर के न पकड़े जाने के कारण स्थानीय लोग दहशत में हैं। इस घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

### व्यापार मंडल ने घायल दुकानदार को दी मदद

**सड़क हादसे के पीड़ित को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता**

सुलतानपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सड़क हादसे में घायल हुए स्थानीय दुकानदार दिलीप सोनकर को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह मदद उनके इलाज के लिए दी गई है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुजीत कसौधन अपने सहयोगियों के साथ सुल्तानपुर के जीवन ज्योति अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती घायल दिलीप सोनकर का हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुजीत कसौधन ने कहा कि संगठन हर छोटे-बड़े दुकानदार के सुख-दुख में साथ खड़ा है।

## पर्व को देखते प्रमुख मार्गों पर लागू रहेगा रूट डायवर्जन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। दीपावली और दशहरा पर्व के दौरान यातायात दबाव को देखते हुए प्रशासन ने व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। त्योहारों पर भीड़भाड़ और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर क्षेत्र तथा प्रमुख मार्गों पर 23 अक्टूबर तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि दीपावली, दशहरा और अन्य पर्वों पर बाजारों में भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार, गंगानगर तिराहा से छोटा चौराहा और बड़ा चौराहा की ओर आने वाले ई-रिक्शा, ऑटो तथा हल्के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार, मौरावां और गंगानगर तिराहे से नगर की ओर आने वाले भारी वाहनों का आवागमन भी रोक दिया गया है। बांगरमऊ, सफीपुर, अजगैन और हसनगंज क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों को शहर की सीमाओं से बाहर ही रोका जाएगा। मौरावां और नगर नहरिया घाट से गलन्दखेड़ा चौराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर भी किसी प्रकार के भारी वाहन का प्रवेश नहीं होगा। प्रशासन ने प्रकाश गेस्ट हाउस, आई.बी.टी. चौराहा, हरदोई ओवरब्रिज, हुसैन नगर चौराहा और नगर नहरिया घाट से नगर में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए भी विशेष व्यवस्था की है। इन मार्गों से आने वाले ई-रिक्शा और ऑटो को वैकल्पिक रास्तों से डायवर्ट किया जाएगा ताकि मुख्य बाजारों में जाम की स्थिति न बने। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे जारी रूट डायवर्जन का पालन करें और अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन न ले जाएं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में, जनपद अयोध्या के लिए भी यातायात विभाग ने रूट डायवर्जन जारी किया है। आदेश के अनुसार, पूर्वातिराहा मोड़ और गलन्दखेड़ा चौराहा से लखनऊ या गोरखपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को मोहल्लाल गंज होते हुए पूर्वी बाईपास या अन्य वैकल्पिक मार्गों से गुजारने के निर्देश दिए गए हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने निगला जहरीला पदार्थ हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के खानपुर पीर अली गांव में रविवार को एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजन उसे मियागंज सीएचसी ले गए, लेकिन बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। 30 वर्षीय शमा परवीन, जो मोहम्मद असलम की पत्नी हैं, ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगला। हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई और वे उसे तुरंत मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। सीएचसी में डॉक्टर उमर फारूक ने बताया कि प्राथमिक उपचार के दौरान परिजनों ने जिला अस्पताल रेफर करने से मना कर दिया। वे बिना किसी सूचना के महिला को निजी वाहन से एक निजी अस्पताल ले गए। शमा परवीन के पति मोहम्मद असलम विदेश में नौकरी करते हैं। महिला की हालत अभी भी चिंताजनक बताई जा रही है।

## ग्राम पंचायत में गंदगी का आलम, प्रधान बने मौन दर्शक

अमन लेखनी समाचार/शुभम सिंह चौहान, संवाददाता

लखनऊ। नारायणपुर ग्राम पंचायत के निवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस पंचायत में दो गाँव – नारायणपुर और रौतापुर – शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गाँव में नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं की गई है, जिसके कारण जगह-जगह पानी भर गया है और गंदगी तथा दुर्गंध फैल रही है। लोगों का जीना दूभर हो गया है। रास्तों पर घरों का गंदा पानी भर जाने से आमजन का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान ने प्रधानी जीतने के बाद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान सिर्फ नाम के लिए हैं, गाँव में कोई सुधार कार्य नहीं हुआ, कई बार ग्रामीणों ने इस समस्या से ग्राम प्रधान को अवगत कराया, परंतु अब तक न तो नाली की सफाई कराई गई और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से माँग की है कि जल्द से जल्द सफाई और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गाँव में फैल रही गंदगी और संभावित बीमारियों पर रोक लग सके।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई किशोर समेत मासूम घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। अनियंत्रित बाइक सवार किशोर अपने मासूम भाई समेत विद्युत पोल से टकरा गया जिससे दोनों घायल हो गए जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के उगू ग्रामीण निवासी महेश का 16 वर्षीय पुत्र अभिषेक अपने 6 वर्षीय भाई सनद को बाइक से लेकर जा रहा था तभी उगू के पास बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई और दोनो गंभीर रूप से घायल हो दोनो को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए डाक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया।

## रोटावेटर से बच्चे की मौत



- खेत जुताई के दौरान हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, जगदीशपुर क्षेत्र के लाला का पुरवा गांव में एक हादसा हुआ। खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर में फंसने से 10 वर्षीय अंकुश कुमार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी कल्लू मिस्त्री का पुत्र अंकुश कुमार खेत में ट्रैक्टर और रोटावेटर से जुताई के समय रोटावेटर पर बैठने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर अचानक रोटावेटर में फंस गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, अंकुश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की बड़ी भीड़ खेत पर जमा हो गई। पूर्व ग्राम प्रधान संतराम पाल ने बताया कि इस संबंध में कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी गई है। ग्रामीणों के अनुसार, अंकुश अक्सर खेत पर जाया करता था। क्षेत्रीय किसानों ने लोगों से अपील की है कि वे कृषि कार्य में उपयोग होने वाली मशीनरी से बच्चों को दूर रखें।

## पुलिस ने अवैध वाहनों पर की कार्रवाई

**सही कागजात वाले वाहनों पर लगाना होगा 7 बिंदुओं का बोर्ड**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, कूरेभार पुलिस ने कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में अवैध वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में बिना पंजीकरण और अवैध रूप से चल रहे वाहनों को जब्त किया गया है, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान में पुलिस टीम ने ई-रिक्शा, टेम्पो और बिक्रम जैसे सार्वजनिक परिवहन वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान लगभग तीन दर्जन ऐसे वाहन जब्त किए गए, जिनके पास आवश्यक पंजीकरण या अन्य वैध दस्तावेज नहीं थे। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी चालक बिना वैध पंजीकरण, फिटनेस प्रमाण पत्र या अन्य आवश्यक दस्तावेजों के सड़कों पर वाहन नहीं चलाएगा। इसके साथ ही, यह भी आदेश दिया गया है कि जिन वाहनों के कागजात पूरे हैं, उन्हें अपने वाहन पर सात बिंदुओं का एक सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। इस सूचना बोर्ड पर वाहन स्वामी का नाम, पता, मोबाइल नंबर, वाहन का पंजीकरण नंबर, चालक का लाइसेंस नंबर, फिटनेस नंबर और वाहन का प्रकार स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। यह कदम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इस अभियान का असर अब कस्बे की सड़कों पर साफ दिखाई दे रहा है। बिना नंबर प्लेट और अवैध रूप से फरार्टा भरने वाले वाहनों की संख्या में कमी आई है। वहीं, जिन वाहन स्वामियों ने नियमों का पालन किया है, उन्होंने अपने वाहनों पर आवश्यक बोर्ड लगाकर पुलिस के दिशानिर्देशों का अनुपालन शुरू कर दिया है।

## पैसे के लेनदेन पर दुकान में मारपीट

- दो घायल जिला अस्पताल रेफर, इलाज जारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के नारा अढ़नपुर गांव में पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक दुकान में मारपीट और तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। इस घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, विवाद के दौरान कुछ दबंगों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की और वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट की। मारपीट में घायल हुए दो लोगों को इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर भेजा गया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष ने भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना में इस मामले की लिखित तहरीर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी तनुज कुमार पाल ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी है और तहरीर के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## भाकियू ने किसानों की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

**मुख्यमंत्री को संबोधित 17 सूत्रीय मांगें रखीं**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रशासन को दिया गया। जिला अध्यक्ष शमीमा खान के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसान बढ़ती कृषि लागत, घटते उत्पादन मूल्य, प्राकृतिक आपदाओं और आवारा पशुओं की समस्या से जूझ रहे हैं। भाकियू ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन समस्याओं पर शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। किसानों की प्रमुख मांगों में गन्ने का मूल्य 450 प्रति क्विंटल घोषित करना, सभी छोटे एवं सीमांत किसानों के कृषि ऋण माफ करना, स्मार्ट मीटर प्रणाली समाप्त कर मुफ्त या रियायती बिजली उपलब्ध कराना, और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा देना शामिल है। ज्ञापन में फसल बीमा योजना में सुधार, आवारा पशुओं से फसल बचाव के लिए प्रभावी नीति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि 6,000 से बढ़ाकर 12,000 प्रति वर्ष करना, किसान पेंशन योजना लागू करना, और कृषि उपयोग हेतु डीजल-पेट्रोल पर टैक्स माफी की मांग भी की गई। भाकियू ने प्राकृतिक आपदाओं में त्वरित राहत, कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और किसान संगठनों से नियमित संवाद व्यवस्था स्थापित करने की भी मांग की। यह ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नितेश राज को सौंपा गया।

## मुस्लिम विश्वविद्यालय में दीवाली मनाने की मांग

**एलएलबी छात्र ने अनुमति मांगी, इससे पहले होली मनाने की मांग पर गरमाई थी राजनीति**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, मुस्लिम यूनिवर्सिटी में दीवाली मनाने और कैंपस के अंदर दीपक जलाने की मांग की गई है। एएमयू के एलएलबी के छात्र अखिल कौशल ने वाइस चांसलर के नाम पत्र देकर एनआरएससी क्लब में दीवाली उत्सव मनाने की मांग की है। जिसके बाद एक बार फिर चचाएं शुरू हो गई हैं। एलएलबी छात्र ने एएमयू के अधिकारियों से मिलकर उन्हें अपना मांग पत्र सौंपा और कहा कि हिंदू छात्रों को दीपोत्सव मनाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि लगभग 100 छात्र कैंपस के अंदर दीवाली का त्योहार मनाएंगे और दिए जलाएंगे। जिससे कि वह अपना त्योहार मना सकें। छात्र अखिल कौशल ने एनआरएससी क्लब के अंदर शाम 6 बजे के बाद दिए जलाने की अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि एएमयू के अंदर हजारों हिंदू छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन इसमें कई छात्र ऐसे हैं, जो छुट्टी पर घर नहीं जा पाते हैं और अलीगढ़ में ही रहते हैं। ऐसे 100 से ज्यादा छात्र हैं, जो इस बार भी दीवाली पर घर नहीं जाएंगे। इसलिए इन सभी छात्रों को एएमयू कैंपस के अंदर दीवाली मनाने और दीये जलाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने एनआरएससी क्लब के डायरेक्टर को अपना ज्ञापन दिया है, जिसके बाद उन्होंने इसे उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। छात्र अखिल कौशल ने इससे पहले कैंपस के अंदर होली खेलने की अनुमति मांगी थी। जिसे इंतजामिया ने नई प्रथा कहते हुए अनुमति देने से मना कर दिया था। जिसके बाद इस मामले में राजनीति गरमाने लगी थी और देश भर के राजनेता इसमें अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे थे। अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम ने इस मामले में कहा था कि अगर किसी छात्र को होली खेलने रोका गया तो उसे दुनिया से विदा कर दिया जाएगा। लेकिन बाद में छात्रों को एनआरएससी क्लब में होली खेलने की अनुमति दी गई थी। जिसके बाद छात्रों ने सुरक्षा के बीच होली खेली थी।

## गांव में विकास ठप, गलियां कीचड़ से भरीं

**बरसात में भरता घरों में गंदा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, जिले के मदनापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत हार चचोरा मोहनिया में विकास कार्यों की स्थिति बेहद खराब है। ग्रामीणों का कहना है कि गलियों की बदहाली के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में उनके घरों में पानी भर जाता है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में विकास कार्य केवल प्रधान के चहेतों के लिए किए जा रहे हैं। गांव के निवासी बृजेश, मनजीत, वीर सिंह, ब्रजराज, शुशपाल, अखिलेश और रीतिराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले चार सालों से गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। रीत राम ने विशेष रूप से बताया कि बारिश के दिनों में उनके घर में पानी भरा रहता है, जिसके कारण वे अपनी तांगा बग्गी भी घर तक नहीं ला पाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में विकास न होने के कारण शादियां नहीं हो पा रही हैं और कोई भी रिश्तेदार उनके गांव आने को तैयार नहीं होता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से गांव में विकास कार्य कराने की गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत की प्रधान ईश्वरी देवी के पति रघुनाथ सिंह ने बताया कि बजट के अभाव के कारण गांव में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

हालांकि, उन्होंने प्रधान और उनके पति द्वारा किसी भी मनमानी से इनकार किया। इसके विपरीत, ग्रामीणों ने प्रधान और उनके पति पर मनमानी करने तथा विकास कार्यों में भेदभाव करने का आरोप लगाया है।

## मिशन शक्ति के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम

**रामगंज थाना क्षेत्र के गरेड़ियन का पुरवा में महिलाओं को किया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, रामगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गरेड़ियन का पुरवा मौजा गाजीपुर में मिशन शक्ति फेज 05 के तहत एक महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उप निरीक्षक भीमसेन सिंह, महिला कांस्टेबल ज्योति सोनकर और महिला कांस्टेबल रितिका यादव ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। इसमें महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। साथ ही, उन्हें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 112 पुलिस आपातकालीन सेवा जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। यह आयोजन महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## परिषदीय बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में दिखाया दम

**कबड्डी में सकरसी ने पीथीपुर को 17–10 से हराया, लोग रहे मौजूद**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर के भदैया ब्लॉक की न्याय पंचायत कंधईपुर में परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के कुल 23 विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक मुन्नालाल रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय और महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष गायत्री सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दिन भर चली इस प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग की 50 और 100 मीटर बालिका दौड़ में खोरेपुर की दीक्षा प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं, बालक वर्ग की 50 और 100 मीटर दौड़ में अस्वा के उदित कोरी ने पहला स्थान हासिल किया। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अस्वा के दिलशाद विजेता रहे, जबकि बालिका वर्ग में सकरसी की कोमल ने बाजी मारी। 200 मीटर बालक दौड़ में अस्वा के अंश सरोज और बालिका दौड़ में सकरसी की रहनुमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी जूनियर बालक वर्ग के संघर्षपूर्ण मुकाबले में सकरसी की टीम ने पीथीपुर को 17-10 के अंतर से हराया। प्रतियोगिता के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिव प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एआरपी अखिलेश मिश्रा, मुनेन्द्र मिश्रा, शिव बदन मौर्या, पंचरतन सिंह, नागेंद्र सिंह और राजकुमार यादव सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी

**युवक से 31.95 लाख रुपए की ठगी, साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज**

गाजियाबाद, गोविंदपुरम निवासी ओंकार त्यागी से ऑनलाइन निवेश के नाम पर करीब 31 लाख 95 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गाजियाबाद के साइबर क्राइम थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। फेसबुक पर एक महिला ने ओंकार त्यागी से संपर्क किया था। महिला ने उन्हें एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए अच्छा मुनाफा कमाने का दावा किया। शुरूआत में छोटे-छोटे लाभ दिखाकर उसने ओंकार का भरोसा जीता और फिर उन्हें अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित किया। ठगों ने रोजाना 10 से 20 प्रतिशत और बाद में 50 से 100 प्रतिशत तक के मुनाफे का लालच दिया। ओंकार को एक लिंक भेजकर प्लेटफॉर्म पर अकाउंट बनाने और पैसे जमा करने को कहा गया। 27 अगस्त से 11 सितंबर 2025 के बीच, उन्होंने कुल 31 लाख 95 हजार 921 रुपये चार अलग-अलग बैंकों के खातों में ट्रांसफर किए। शुरूआत में, ठगों ने फर्जी स्क्रीनशॉट और मैसेज भेजकर निवेश से लाभ होने का भ्रम पैदा किया। हालांकि, जब ओंकार ने अपने पैसे निकालने की कोशिश की, तो प्लेटफॉर्म और उससे जुड़े व्हाट्सएप ग्रुप अचानक बंद हो गए। ग्रुप के सदस्यों के मोबाइल नंबर भी बंद पाए गए और कोई जवाब नहीं मिला। पीड़ित ने बताया कि पैसे वापस मांगने पर उसे धमकियां भी मिलीं। इसके बाद, ओंकार त्यागी ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपियों ने धोखाधड़ी के लिए फर्जी वेबसाइट, बेनाम बैंक खातों और झूठे संदेशों का इस्तेमाल किया है। पुलिस अब बैंक ट्रांजेक्शन और मोबाइल नंबरों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

### हाईस्कूल में कैरियर गाइडेंस मेला आयोजित

**खदावली में प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित, विभिन्न विभागों की दी जानकारी**

मेरठ, खरखौदा के राजकीय हाईस्कूल उल्धन में गुरुवार को 'पंख पोर्टल' के अंतर्गत एक कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष और सहायक जेडी सुनील भड़ाना ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, सरपंच, मेकअप आर्टिस्ट, मूर्तिकार, योगा इंस्ट्रक्टर और फैशन डिजाइनर जैसे विभिन्न करियर विकल्पों को प्रदर्शित किया। छात्रों को पुलिस और शिक्षा सहित अन्य विभागों के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें अपने माता-पिता को ईश्वर स्वरूप मानकर उनकी आज्ञा का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि सुनील भड़ाना ने प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। स्कूल स्टाफ ने अतिथियों का मोमेंटो देकर स्वागत किया। महिला उपनिरीक्षक पूजा रानी, सपना शर्मा और मधुबाला ने छात्राओं को मिशन शक्ति 5.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# जगुआर ने 8 को रौंदा, 1 की मौत

**7 गाड़ियों को टक्कर मारी, कार का वीआईपी नंबर-0070; लोग बोले- नशे में था**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, दिवाली मार्केट में एक तेज रफ्तार जगुआर कार घुस गई। कार ने पहले 2 चार पहिया और 5 दो पहिया गाड़ियों में टक्कर मारी। इसके बाद 8 लोगों को रौंद दिया। इससे एक इसेक्ट्रीशियन की मौत हो गई। 4 लोगों की हालत गंभीर है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जिस जगुआर से यह हादसा हुआ, वह प्रयागराज के बड़े मिठाई कारोबारी कामधेनु स्वीट्स के परिवार की बताई जा रही है। इसी परिवार का एक युवक कार चला रहा था। वह भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, क्योंकि कार का एयर बैग नहीं खुला। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने युवक को भी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर इलाके में हुआ। बताया जा रहा है कि जगुआर कार चला रहा युवक पूरी तरह से नशे में धुत था। हादसे के बाद वह बुरी तरहसे डर गया और कार के गेट अंदर से लॉक कर लिए। बाहर मौजूद लोग उससे गेट खोलने के लिए कहते रहे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। जब पुलिस आई, तब युवक को बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे अस्पताल भेजा गया। जगुआर कार की कीमत 70 लाख से डेढ़ करोड़ के बीच है। दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजार में काफी भीड़ थी। इसी दौरान तेज रफ्तार आ रही जगुआर कार ने अचानक नियंत्रण खो दिया। पहले उसने आगे जा रही 7 गाड़ियों को को टक्कर मारी। इसके बाद लोगों को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त गाड़ी रचित मध्यान चला रहा था। वह लूकरगंज का रहने वाला है और कामधेनु स्वीट्स के परिवार का सदस्य है। वह नशे में धुत था और अकेले ही गाड़ी चला रहा था। कार की स्पीड काफी ज्यादा थी। हालांकि, कार केएसएन फूड एलएलपी के नाम पर रजिस्टर्ड है। आरटीओ के दस्तावेजों में इसका पता 122 लूकरगंज दर्ज है। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। लोग जगुआर कार पर चढ़ गए और ईंट-पत्थरों से बुरी तरह तोड़ डाला। इसके साथ ही गुस्साए लोगों ने राजरूपपुर चौराहे पर रोड जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की। इस हादसे में मरने वाला प्रदीप पटेल इलेक्ट्रीशियन था। उसके 4 बच्चे हैं। उसके परिजनों ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बड़ी मुश्किल से लोगों को शांत कराया। इसके बाद यातायात बहाल किया।

# प्रेमी को आई लव यू लिखकर फंदे पर लटकी लड़की

**प्रयागराज में घर में फांसी लगाई, पिता बोला- मेरी बेटी को टॉर्चर कर रहा था**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, प्रेमी को आई लव यू का मैसेज लिखकर एक नाबालिग लड़की ने फंदे पर लटककर जान दे दी। घटना से पहले उसने फंदे का वीडियो भी बनाकर प्रेमी को भेजा। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। परिवार अतरसुइया के दरियाबाद का रहने वाला है। लड़की के पिता ने कहा- मेरी पत्नी का निधन हो चुका है। मेरे दो बच्चों में रश्मि (परिवर्तित नाम) 17 साल की थी, जबकि बेटा छोटा है। रोज की तरह शनिवार को भी मैं अपने काम में व्यस्त थे। शाम को घर लौटा तो देखा कि दरवाजा भीतर से बंद था। बहुत आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। बेटे से पूछा तो वह भी कुछ बता नहीं सका। पिता ने बताया कि किसी तरह दरवाजा तोड़ा गया तो बेटी फंदे पर लटकी मिली। सूचना दी गई तो पुलिस भी आ गई। पुलिस के सामने ही शव फंदे से नीचे उतारा गया। उधर रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पिता का कहना है कि मुट्ठीगंज के बाबा जी का बाग का रहने वाला राज शर्मा मेरी बेटी को टॉर्चर कर रहा था। पहले रास्ते में आते-जाते परेशान करता था। फिर उसने अपनी बातों में फंसा लिया। मेरी बेटी से शादी का वादा करता था। पिछले कुछ दिनों से उसे परेशान करने लगा था। उसकी गलत बातें न मानने पर छोड़ने की धमकी देता था। बेटी उसके टॉर्चर से बुरी तरह टूट गई थी। आखिरकार उसने हारकर मौत को गले लगा लिया। प्रभारी थाना इंचार्ज अतरसुइया जगदीश यादव ने बताया, मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से संबंधित धारा लगाई गई है।

आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। किशोरी के मोबाइल को भी कब्जे में ले लिया गया है। जांच की जा रही है।

## विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक में मनोनीत हुए पदाधिकारी

**पर्यवेक्षक की निगरानी में बैठक हुई संपन्न**



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। कस्बे में संचालित बद्री प्रसाद दुलीचंद उमराव इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति की बृहद बैठक पर्यवेक्षक राकेश सिंह की निगरानी में संपन्न हुई इस दौरान अध्यक्ष पद पर जय सिंह उपाध्यक्ष राजीव वर्मा प्रबंधक राजेंद्र सिंह उप प्रबंधक सीमा सिंह कोषाध्यक्ष गणेश वर्मा ऑडिटर सुनील वर्मा एवं सदस्य पद पर सीमा सिंह को मनोनीत किया गया इस दौरान चुनाव अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी पर्यवेक्षक राकेश सिंह प्रधानाचार्य रामसनेही सुरेंद्र सिंह महेंद्र सिंह सविता सिंह ने मनोनीत हुए सभी पदाधिकारी को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया

## दिवाली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

- गंदगी मिलने पर डेयरी का लाइसेंस निलंबित, पनीर-मावा के सैंपल लैब भेजे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, मोदीनगर में दिवाली के मद्देनजर प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए दो अलग-अलग कार्रवाइयां की हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने त्योढ़ी गांव स्थित हाजी फरियाद की डेयरी पर छापा मारा। टीम ने पनीर और मावे के सैंपल लिए और डेयरी का लाइसेंस निलंबित कर दिया। निरीक्षण में डेयरी में गंदगी पाई गई। उत्पादों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं थी। पनीर के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ने बताया कि यह कार्रवाई मानकों के उल्लंघन के कारण की गई है और भविष्य में भी ऐसी जांच अभियान जारी रहेंगे। समान दिन मुरादनगर पुलिस ने अवैध पटाखों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 50 पैकेट सुतली बम बरामद हुए। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम राहुल, निवासी पठानान कॉलोनी बताया। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक दुकान पर अवैध पटाखों की बिक्री हो रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर छापा मारकर दुकानदार को गिरफ्तार किया। इन कार्रवाइयों के माध्यम से प्रशासन ने त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया है।

## पड़ोसी पर झूठे केस में फंसाने का आरोप

**लड़की के सहारे रची साजिश, कोतवाली में शिकायत दर्ज**

अमन लेखनी समाचार




बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित मुगलपुरा निवासी मंगलू ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने पड़ोसी युवक पर आरोप लगाया है कि वह लड़की का सहारा लेकर लोगों को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास करता है। मंगलू ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवक पहले भी कई लोगों को इसी तरह फंसाने की कोशिश कर चुका है, जिससे मोहल्ले में तनाव का माहौल बना हुआ है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी गलत संगत में रहकर इलाके की शांति भंग कर रहा है और लोगों को झूठे आरोप लगाकर फंसाने की धमकी देता है। इससे आसपास के लोग भी भयभीत हैं। मंगलू ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी युवक की गतिविधियों की गहन जांच की जाए और उसकी ऐसी हरकतों पर तुरंत रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि ऐसा करने से भविष्य में कोई निर्दोष व्यक्ति परेशानी में नहीं फंसेगा। शिकायत मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रकरण की सच्चाई सामने आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने मोहल्ले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी है।

## जन्मदिन मनाने गए युवक पर हमला

- 2 गंभीर घायल, 19 पर केस दर्ज; पुरानी रंजिश का मामला

अमन लेखनी समाचार




ग्रेटर नोएडा , रबूपुरा कस्बे में जन्मदिन मनाने गए एक युवक और उसके परिवार के चार सदस्यों पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका शारदा अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों में से एक की हालत वेंटिलेटर पर गंभीर बताई जा रही है। कस्बे के अंबेडकर नगर निवासी मोमचंद ने पुलिस को शिकायत दी कि उनके भाई सुमित का जन्मदिन था। रात सुमित अपने भतीजे अनिकेत, साले और भांजे के साथ घर से कुछ दूरी पर जन्मदिन मना रहे थे। तभी पड़ोस के एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने चारों पर लाठी-डंडों से हमला किया। घटना के लगभग एक घंटे बाद अनिकेत घायल अवस्था में झाड़ियों में पड़ा मिला। फोन और चेन को लूट लिया सभी घायल को ग्रेटर नोएडा के शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। अनिकेत की हालत गंभीर होने के कारण वेंटिलेटर पर रखा गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमले के दौरान आरोपियों ने अनिकेत की सोने की चेन और कुछ आईफोन लूट लिए। पुलिस की कार्रवाई मोमचंद की शिकायत पर पुलिस ने युवराज, जीतू, रचित, भरत, अंकित, पवन और सुनील सहित कुल 19 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

रबूपुरा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि कुछ महीने पहले अनिकेत का आरोपियों से विवाद हुआ था, जिसके चलते इस हमले को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## दिवाली बोनस न मिलने पर कर्मचारियों का हंगामा

**कंपनी गेट पर धरना जारी, पुलिस तैनात; प्रबंधन से बातचीत जारी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, दिवाली बोनस न मिलने से जीबी स्पोर्ट्स कंपनी के कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया। करीब 300 कर्मचारी कंपनी गेट के बाहर जमा हो गए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कर्मचारियों ने बोनस की मांग करते हुए गेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख कंपनी प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और हल्की नोकझोंक भी हो गई। फिलहाल कर्मचारी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं और पुलिस एहतियातन मौके पर तैनात है। यह मामला परतापुर थाना क्षेत्र के उद्योग पुरम का है। बोनस ना मिलने का विरोध करने पर मिली धमकी प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी मोहित ने बताया- कंपनी हर साल हमें सैलरी का 20 प्रतिशत बोनस देती थी, लेकिन इस बार अचानक बोनस देने से इनकार कर दिया गया। जब हम लोगों ने बोनस ना देने का विरोध किया तो कंपनी मालिक ने बाहर के लोगों से धमकी दिलाकर चुप कराने की कोशिश की। कर्मचारियों को मिलेगा 8.33 प्रतिशत बोनस वहीं, कंपनी मालिक राजीव काटोल ने बताया-इस बार कंपनी को भारी नुकसान हुआ है। इसलिए सरकार के निदेर्शानुसार केवल 8.33 प्रतिशत बोनस ही दिया जाएगा। हालांकि, कर्मचारियों ने इसे अनुचित बताते हुए धरना जारी रखा और चेतावनी दी कि जब तक पूरा बोनस नहीं दिया जाता, वे काम बंद रखेंगे।

पुलिस की मौजूदगी में कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच बातचीत जारी है। फिलहाल कंपनी परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। मौके पर माहौल अब भी तनावपूर्ण बना हुआ है।

कर्मचारियों से मिले किसान यूनियन (अनाज) के प्रदेश अध्यक्ष वहीं, कर्मचारियों के हंगामे की सूचना पर किसान यूनियन (अनाज) के प्रदेश अध्यक्ष निशांत भड़ाना भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परतापुर थाना प्रभारी सतवीर सिंह अत्री से बात की। साथ ही कर्मचारियों से शांति बनाए रखने की अपील की।

## 2 लाख के प्रतिबंधित पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

**दनकौर पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी को कोर्ट में पेश किया**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , दनकौर कोतवाली पुलिस ने एक दुकानदार को प्रतिबंधित पटाखों की अवैध बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 2 लाख रुपये मूल्य के भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम यमुना एक्सप्रेसवे के सालारपुर अंडरपास के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बे में एक दुकानदार प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर छापा मारा और बड़ी संख्या में पटाखों की खेप बरामद की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नई बस्ती निवासी त्रिलोकचंद के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि दिवाली से पहले प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में पटाखे बेचने वालों के खिलाफ छापेमार कार्रवाई जारी रहेगी।

# ट्रैक्टरों से कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

**भारतीय किसान यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर परी चौक से जिला कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालते हुए अपनी मांगों को लेकर एक पंचायत आयोजित की।

यह प्रदर्शन बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में किसानों की लंबित मांगों को लेकर किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा में यह मार्च पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना के नेतृत्व में निकाला गया। पवन खटाना ने किसानों की कई लंबित मांगों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि सर्किल रेट बढ़ाने का प्रस्ताव तीन-चार महीने पहले प्रशासन को दिया गया था, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया। इसके अलावा, किसानों को आवासीय प्लॉट और आबादी निस्तारण भी अभी तक नहीं कराए गए हैं। खटाना ने जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के लिए कई गांवों को विस्थापित किया जा रहा है, लेकिन विस्थापित किसानों को अभी तक उचित लाभ नहीं मिला है। यही सभी मुद्दे उठाते हुए आज किसानों ने प्रदर्शन और पंचायत आयोजित की।

# 550 किलो नकली खोया-पनीर पकड़ा गया

- 4 नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए, त्योहारों से पहले खाद्य विभाग छापेमारी

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, दीपावली पर्व से पहले जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान विभाग ने नकली खोया और पनीर जब्त कर नष्ट किया। जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह, विशाल गुप्ता और अमर बहादुर सरोज की टीम ने सूरजपुर स्थित सोनू पनीर भंडार से पनीर का एक नमूना लिया। संगम स्वीट से खोया का एक नमूना भी संग्रहित किया गया। दूषित अवस्था में मिला लगभग 100 किलोग्राम पनीर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वही, एक अन्य कार्रवाई में जेवर टोल प्लाजा पर कौशल कुमार शर्मा के वाहन से ले जाए जा रहे खोया का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक परीक्षणों में फेल होने के कारण लगभग 450 किलोग्राम खोया का एक नमूना लेकर शेष मात्रा नष्ट करा दी गई। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर पटेल और रविन्द्र वर्मा द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मालती ने दनकौर स्थित शिव नमकीन भंडार से नमकीन का एक नमूना लिया। इस प्रकार कुल चार नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ मिल सकें।

# आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा एवं डीआईजी परिक्षेत्र बांदा द्वारा दीपावली/ अमावस्या मेला में लगे समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगणों को ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा राजेश एस0 द्वारा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी०एन० व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला डियूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया । महोदय द्वारा ब्रीफिंग में उपस्थित समस्त पुलिस बल को कहा गया कि सभी अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे,कोई भी अधिकारी/कर्मचारी डियूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा । ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें । पूरे मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 08 जोन व 22 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 17 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 22 थाना प्रभारी निरीक्षक, 35 निरीक्षक, 258 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस,13 महिला उपनिरीक्षक,892 हेड कांस्टेबल/ कांस्टेबल,124 महिला कांस्टेबल,12 उपनिरीक्षक यातायात, 88 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, 03 पीएससी कंपनी, 05 उपनिरीक्षक एलआईयू, 37 हेड कान्सटेबल /कान्सटेबल एलआईयू,03 क्रेन, 03 एसचैक टीम, 02 डॉग स्क्वायड, 05 फायर टेण्डर,02 फ्लड पीएसी की डियूटी लगाई गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल,क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद एवं मेला ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# स्कूटी और बाइक टक्कर से बाइक पर पीछे बैठी महिला की मौत



अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के मरदह में वाराणसी-गोरखपुर फोर लेन मार्ग पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला मेवाती देवी ( 45 ) की मौत हो गई। यह घटना मरदह हनुमान मंदिर के पास तब हुई जब एक स्कूटी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।पुलिस के अनुसार, मरदह से गाजीपुर की ओर जा रहे बाइक सवार को गलत लेन से आ रही स्कूटी ने टक्कर मारी। टक्कर के बाद बाइक पर पीछे बैठी मेवाती देवी गिरकर अचेत हो गईं। स्कूटी पर सवार दो युवतियां मौके से फरार हो गईं ।घायल मेवाती देवी को तत्काल एम्बुलेंस द्वारा मरदह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति वशिष्ठ राम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात स्कूटी सवार युवतियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव कार्यक्रम

### रंगोली व दीया सजावट प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभा ने सबका दिल जीता

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के पनियरा में ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल एवं ध्रुव नारायण डिग्री कॉलेज में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता एवं दीया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में चारों हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया अवलोकन का कार्य विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण राव एवं डिग्री कॉलेज के प्राचार्य बलराम सिंह जी द्वारा किया गया

परिणाम इस प्रकार रहेः

रंगोली प्रतियोगिता –

प्रथम स्थानः अब्दुल कलाम हाउस

द्वितीय स्थान : रानी लक्ष्मीबाई हाउस एवं वीर शिवाजी हाउस

तृतीय स्थानः महाराणा प्रताप हाउस

दीया सजावट प्रतियोगिता –

प्रथम स्थानः महाराणा प्रताप हाउस

द्वितीय स्थान : रानी लक्ष्मीबाई हाउस

तृतीय स्थानःअब्दुल कलाम हाउस एवं वीर शिवाजी हाउस

इस प्रतियोगिता में साँची, नाजिया , रुकसाना , दिव्यांश, पायल आर्यन , उजाला, अंजनी आशिता ,फैजान, साहिल ,रिया समर, विजेता ,अंकित पाल, आयुष सिंह ,अंशिका मौर्य, अंश, आराध्या दिव्या, लक्ष्मी, समा, अरुण प्रजापति , नैंसी ,सुप्रिया, शाजिया रोशनी ,अनवरी ,सुमन ,अंशिका प्रीति, प्रतिभा शर्मा ,काजल ,अनिकेत शर्मा, हर्षिता, साहबान, करन, वंदना ,शिवांगी ,सृष्टि ,शिवराजनी प्रिंस, सतीश, अर्जुन, काजल, सांची आयुष, सत्यम मौर्य ,पायल यादव सुंदरी, नंदिनी, बबीता, श्रेया ,आराधना ,तमन्ना ,सुहेल अली अंबिका ,प्रिंस पासवान ,पल्लवी आकाश आदि विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। ध्रुव नारायण डिग्री कॉलेज के प्रबंधक अमृत मिश्र ने दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमें स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर पर्यावरण-संरक्षण की भावना के साथ दीपावली मनानी चाहिए। विद्यालय के सह-निदेशक आशुतोष मिश्र ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब इन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला है, उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय निदेशक जीवेश मिश्र ने संपूर्ण विद्यालय परिवार को उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।

## खास समाचार

# थाना राजापुर पुलिस ने 01 अभियुक्त को 1 अवैध 315 बोर तमंचा व 2जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया

अमन लेखनी समाचार




चित्रकूट ।पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 इमरान खाँ तथा उनके हमराहीगण द्वारा अभियुक्त शिवबली निषाद पुत्र राज कुमार निषाद निवासी मनकुवार थाना मऊ चित्रकूट को 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# भिन्न-भिन्न मुकदमों से सम्बन्धित 05 वारंटी अभियुक्त हुए गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मजराजगंज जनपद में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नौतनवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष नौतनवा द्वारा गठित अलग-अलग पुलिस टीमों ने मुकदमा संख्या 6349/21, 3801/18, 187/17, 38/22, 6041/23 से संबंधित कुल 05 वारंटी अभियुक्तों को मा० न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उनके घरों से दबिश देकर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर मा० न्यायालय भेजा गया।

# त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी – एसपी महराजगंज ने स्वयं कराया वाहन चेकिंग अभियान का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने थाना भिटौली क्षेत्र के शिकारपुर में स्वयं पहुंचकर वाहन चेकिंग अभियान का निरीक्षण किया। एसपी के निर्देशन में थानाध्यक्ष भिटौली एवं पुलिस फोर्स द्वारा की गई चेकिंग के दौरान वाहनों के कागजात, चालक के लाइसेंस, वाहन फिटनेस आदि की गहन जांच की गई। साथ ही अवैध असलहे, मादक पदार्थ एवं चोरी से संबंधित वाहनों की रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरती गई। एसपी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना है, बल्कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना भी है ।उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे वाहन नियमों का पालन करें, संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और जनपद की सुरक्षा में सहयोग करें

# दिवाली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम – पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महराजगंज पुलिस हुई सक्रिय



अमन लेखनी समाचार

आगामी धनतेरस व दिवाली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महराजगंज श्री सोमेंद्र मीना के निर्देशन में जनपदीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। भीड़भाड़ वाले बाजारों, बैंकों, और सरार्फा दुकानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीमें निरंतर गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग कर रही हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज श्री सिद्धार्थ ने थाना कोल्हुई क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महराजगंज पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या डायल 112 पर दें। पुलिस प्रशासन जनता के सहयोग से त्योहारी सीजन को सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण और उल्लासपूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# निष्क्रिय जमाकर्ताओं के लिए विशेष अभियान 8 जनवरी,2026 तक


अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला प्रबन्धक सोनभद्र ने अवगत कराया है कि देश के प्रत्येक जिले के शीर्ष निष्क्रिय जमाकताओं तक पहुंचने और जमा राशि को पुर्नजीवित करने के लिए एक समर्पित विशेष अभियान चलाया जा रहा है।यह अभियान 01. अक्टूबर 2025 से शुरू होकर 08 जनवरी, 2026 तक चलेगा। इस सम्बन्ध में जगह-जगह पर कैम्प का आयोजन कर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, इसी क्रम में आज तहसील परिसर रावट्र्सगंज में कैम्प का आयोजन कर लोगों को निष्क्रिय जमाकताओं को उनकी जमा राशि को वापस प्राप्त करने की वापस प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी ग्राहक या उनके परिवार के सदस्यों का इण्डिन बैंक अथवा अन्य बैंकों में जमा खाता है, जो पिछले 10 वर्षों या उससे अधिक समय चालित नहीं हुआ है तो उसे पुर्नजीवित करने के लिए जल्द से जल्द पासबुक/जमा रसीद और नवीनतम् केवाईसी के साथ अपनी सम्बन्धित शाखा में सम्पर्क करें तथा आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए जमा राशि को वापस प्राप्त करें।

# ग्राम प्रधान पति कटैयाडांडी ने एक करोड़ का भ्रष्टाचार कर लाखों में विकास काम निपटाया

अमन लेखनी समाचार






चित्रकूट ।मऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कटैयाडांडी मध्य प्रदेश की सीमा से जुटा हुआ ग्राम है तथा मऊ ब्लाक से दूरी पर स्थित है ।ग्राम पंचायत कटैयाडांडी में उर्मिला देवी महिला प्रधान हैं फिर भी महिला प्रधान होने के कारण उन्हें किसी भी कार्य मीटिंग प्रस्तावों में नहीं लाया जा रहा है। ग्राम प्रधान पति शिवलाल ही सारी ग्राम पंचायत के विकास का ब्योरा देखते हैं। ग्राम पंचायत में साढ़े 4 वर्ष कार्यकाल बीत गया बहुत से योजनाओं के तहत केंद्र सरकार ने लगभग 12 करोड़ रूपया ग्राम पंचायत को 5 वर्ष में देती है जनसंख्या के आधार पर ।ग्राम की निम्न योजनाओं पर सरकार फंड देती हैं मनरेगा फंड, पंचायत कर व शुल्क राज्य वित्त आयोग फंड,15वां वित्त आयोग फंड ,विशेष योजनाएं, गौशाला संचालक आदि। ग्राम पंचायत कटाया ढाणी में राजपूत व केंद्र वित्त फंड से सरकार ने 4:30 वर्ष में एक करोड़ 26 लाख 70 हजार 349 रुपए ग्राम के निम्न कार्यों के लिए पैसा सरकार देती है जैसे जल निकासी, पेयजल, सड़क और सार्वजनिक संपत्तियों की देखभाल, ग्राम पंचायत भवन स्ट्रीट लाइट ,सामुदायिक भवन और स्थानीय विकास कार्यों के लिए पैसा होता है वित्त का। मनरेगा फंड में भी जनसंख्या के आधार पर 10 लाख से 50 लाख का कार्य ग्राम पंचायत में आता है इसमें भी ग्राम प्रधान पैसा बचा लेता है ।जैसे अभी ही हाल ही में चित्रकूट की एक ग्राम पंचायत में 11 लाख का मनरेगा घोटाला का भ्रष्टाचार खुला है। विशेष ग्रामीण योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, ग्राम सड़क योजना व डिजिटल ग्राम योजना में ग्राम प्रधान आवास में तो नहीं बचा पाता है लेकिन विशेष योजनाओं में भी लाखों का वारा न्यारा प्रधान शिवलाल ने कर लिया है। कटैयाडांडी ग्राम पंचायत की गौशाला में भी प्रधान 50 परसेंट से कम खर्च करके 60% बचा कर गौशाला चला रहे हैं । ग्रामीणों द्वारा गौशाला के बारे में आरोप लगाया है कि अंदर ऊबड़ खाबड जमीन जिसमें पशुओं को बैठने में परेशानी होती है जिसे प्रधान पति ने नहीं बनवाया तथा चार खाने की चरही भी इतनी निचली बनी है कि जिसमें पशु गिर कर फंस कर मर जाते हैं उसको भी नहीं बनवाया। ग्राम प्रधान पति शिवलाल को प्रधानी का रौब होने के कारण ग्रामीणों की समस्या नहीं सुनते ना किसी का फोन उठाते हैं और कभी किसी समाधान का उत्तर भी नहीं देते हैं।जिले के उच्च अधिकारियों को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेकर के रिकवरी कार्यवाही करना चाहिए।

# एस पी ने कोठीभार में पैदल गस्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

### धनतेरस व दीपावली पर एसपी ने दी बधाई, लोगों को किया साइबर फ्रॉड से जागरूक

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के थानां कोठीभार में धनतेरस एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेंद्र मीणा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय ने थाना कोठीभार क्षेत्रांतर्गत कस्बा सिसवा बाजार में स्थानीय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करते हुए बाजारों, दुकानों, प्रमुख चौराहों व संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आमजनमानस से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। एसपी महोदय ने लोगों को आगामी त्योहारों के दौरान सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या डायल 112 पर दें।

इसके साथ ही, उन्होंने लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूक किया और निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा –

अपनी बैंक डिटेल्स, एटीएम पिन और ओटीपी किसी के साथ साझा न करें।

किसी साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत सूचना दें।

ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए वेबसाइट www. cybercrime. gov.in का उपयोग करें।

त्योहार के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा बाजारों, बैंकों और सरार्फा दुकानों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि नागरिक निश्चिंत होकर त्यौहार मना सके

# सतर्कता हीं सुरक्षा है - अपर महाप्रबंधक- सतर्कता

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर( सोनभद्र ) डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में पधारे सतर्कता विभाग के अपर महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार यादव का प्राचार्य श्री राजकुमार ने विद्यालय के प्रार्थना सभागार में स्वागत एवं अभिनन्दन किया। अपर महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार यादव ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रत्येक भ्रष्ट व्यक्ति के पीछे एक लालची परिवार होता है। हमें न रिश्वत लेना है न हीं रिश्वत देना है। उन्होंने कहा कि सतर्कता हीं सुरक्षा है। प्राचार्य श्री राजकुमार ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिज्ञा दिलाई और बताया कि दिवाली पूरे उत्साह से सतर्कता के साथ मनाना है। तत्पश्चात धनतेरस के शुभ अवसर पर फैन्सी ड्रेस, डांस, रंगोली , दीया निर्माण के साथ धार्मिक संगीत का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चे रामचन्द्र जी, सीता जी, हनुमान जी तथा उनकी सेना की वेशभूषा में अत्यंत मनोहारी दिखाई दे रहे थे।समर मोदनवाल- राम ,स्मृति यादव - सीता, अर्पित पाठक-लक्ष्मण, श्रेयांस उपाध्याय- हनुमान जी तो रौनक चौरसिया- रावण के वेश में सबको आश्चर्यचकित कर रहे थे। उसके बाद विद्यालय में हवन किया गया। यजमान की भूमिका में अभिभावक प्रतिनिधि हरिओम मिश्रा एवं रसायन विभाग के वरिष्ठ शिक्षक वी के तिवारी रहे। हिंदी शिक्षिका समता सिंह, रंजना सिंह, अनामिका त्रिपाठी, सोनी कुमारी, शगुफ्ता शबनम आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तत्पश्चात एनटीपीसी से पधारे हरिओम मिश्रा एवं संदीप जोशी ने रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों में दयानंद सदन को प्रथम, अरविन्द सदन को द्वितीय तथा विवेकानन्द को सदन तृतीय एवं कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों में श्रद्धानंद सदन को प्रथम, विवेकानंद सदन को द्वितीय तो दयानंद सदन को तृतीय स्थान दिया। रंगोली प्रतियोगिता में सारिका, प्रणिता, दिव्यांका, शैलजा, समृद्धि, अंकिता, अद्विता, प्रकृति, अंश सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनटीपीसी मानव संसाधन विभाग से पधारे मिथिलेश शर्मा ने अनेक धार्मिक भजन गाकर समा बांध दिया। सभी श्रोता भावविभोर दिखें ।तबला पर संगत संदीप जोशी ने किया। मिथिलेश शर्मा ने कहा कि डीएवी संस्कार युक्त शिक्षा देने के लिए जानी जाती है। मेरे दो बच्चे यहां से पढ़े हैं जिसमें से एक एमबीबीएस कर रहा है। दोनों संस्कारवान हैं।प्राचार्य श्री राजकुमार ने मिथिलेश शर्मा, अभिभावक प्रतिनिधि हरिओम मिश्रा एवं संदीप जोशी को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों को धनतेरस एवं दिवाली की शुभकामनाएं दी।

# 37 लाख की चरस गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



वसई। वसई पूर्व के खैरपाड़ा इलाके में नशे के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए वालीव पुलिस की अपराध शाखा ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 37 लाख 51 हजार 80 रुपये मूल्य की चरस और गांजा बरामद की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इरफान खत्री नामक व्यक्ति अपने घर से चरस की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर अपराध शाखा की टीम ने खैरपाड़ा स्थित मोमिन चाल में छापा मारकर 70 वर्षीय इरफान सुलेमान खत्री को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 1088 ग्राम चरस, मोबाइल फोन और नकद राशि सहित कुल 16 लाख 37 हजार 80 रुपये का माल बरामद हुआ। आगे की जांच में तबरेज अमीन मियां खान (25) नामक एक और व्यक्ति की संलिप्तता सामने आई।उसे वसई पूर्व से हिरासत में लिया गया। उसके पास से 1386 ग्राम चरस, 1050 ग्राम गांजा, नकद राशि और मोबाइल फोन बरामद किया गया। बरामद माल की कुल कीमत 21 लाख से अधिक बताई जा रही है।दोनों आरोपियों से कुल 2 किलो 74 ग्राम चरस, 1 किलो 50 ग्राम गांजा और अन्य सामान जब्त किया गया। मामले में एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 8(क), 20(ब), (क), 29 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त परिमंडल 2 वसई, सहायक पुलिस आयुक्त तुलिंज विभाग और वालीव पुलिस निरीक्षक के मार्गदर्शन में की गई। टीम में स.पो.नि. विश्वासराव बाबर, सहायक फौजदार शैलेश पाटिल, पो.हवा किरण म्हात्रे, आनंद मोरे, बाळु कुटे, विनायक राऊत, पो.अं अनिकेत पाटिल, सचिन लांडगे, केतन गोडसे और नागनाथ केंद्रे शामिल थे।पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है।

# चोपन पुलिस द्वारा मा0न्यायालय से निर्गत वारंट के क्रम में 02 वारण्टी को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में वारण्टी/ वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सोनभद्र द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम मे मु0नं0-211/24 सुनीता बनाम बाल्मिकी थाना दुद्धी धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित वारंटी बाल्मिकी गिरी पुत्र स्व0 कल्पनाथ गिरी निवासी सलखन थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 73 वर्ष तथा मा0 न्यायालय सी0जेएम सोनभद्र के द्वारा निर्गत वारंट के क्रम मे मु0नं0-4236/2022 थाना चोपन धारा 41/42 व 63 वन अधि0 से सम्बन्धित वारंटी मुन्ना पुत्र कालेश्वर निवासी कुरहुल थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 36 वर्ष, को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया ।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



{ आवरण कथा / अंशु सिंह }

पौराणिक काल से ही दीपावली के अवसर पर दीपों के जरिए हर तरफ उजास-उल्लास फैलाने की पर्व परंपरा चली आ रही है। प्रतीक रूप में यह पर्व हमें अपने भीतर की मलिनता, दुष्प्रवृत्तियों को मिटाकर आत्मजागरण के पथ पर अग्रसर होने का भी संदेश देता है। आइए, इस दीपावली हम अपने बाह्य जगत के साथ ही अंतस को आलोकित करने का भी संकल्प लें।

# दीपावली उजास-उल्लास आत्मजागरण का उत्सव

दीपावली सिर्फ प्रकाश पर्व ही नहीं, यह प्रत्येक व्यक्ति के भीतर विद्यमान दिव्यता का उत्सव भी है। अपने आंतरिक प्रकाश पर चिंतन करने और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रयास करने का अवसर भी होता है। दीपावली से जुड़े अनुष्ठान और परंपराएं, हमें अपनी आत्मा से जुड़ने और दिव्यता की गहरी समझ विकसित करने में भी मदद करती हैं। दीपावली की रात पहले एक दीया जलाया जाता है, जिससे फिर दूसरे दीयों को प्रज्ज्वलित किया जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे एक छोटी-सी लौ असंख्य दीयों को रोशन कर सकती है। सामूहिक रूप से अंधेरे को दूर कर सकती है।

**जब श्रीराम लौटे अयोध्याधाम:** दीपावली मनाने के आरंभ से जुड़ी कथानुसार चौदह साल बीत गए थे श्रीराम को वनवास गए। अयोध्या में सन्नाटा पसरा था। वहां के वासी एक ऐसे दुःख से गुजर रहे थे, जिसका वर्णन करना कठिन था। घरों में दीप नहीं जलाए जाते थे। लंबी प्रतीक्षा के बाद एक सुबह अयोध्यावासियों को समाचार मिलता है कि श्रीराम वापस आ रहे हैं। यह सुनकर अयोध्यावासी प्रसन्नता से झूमने लगते हैं। श्रीराम के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गईं। घर-घर में हजारों दीप जल उठे। असल में यह एक प्रकार के सामूहिक प्रेम और आत्मीय जुड़ाव का प्रकटीकरण था। अयोध्यावासियों ने उस दिन सिर्फ दीये ही नहीं जलाए थे, अपनी आत्मा को भी जगाया था। क्योंकि 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम और सीताजी लौट आए थे। इसलिए दीपावली को अंधेरे के अंत के साथ धर्म, आनंद और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक माना गया।

**बढ़ें प्रकाश के पथ पर:** दीपावली का यह त्योहार अपने अंदर झांकने और अपने आंतरिक प्रकाश को बनाए रखने के लिए, इसके प्रति प्रतिबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित करता है। विवेकशील मनुष्य हमेशा प्रकाश की ओर देखता है। *तमसो मा ज्योतिर्गमय* का अर्थ भी है- अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़े चलो। अंधकार को त्याग कर, प्रकाश के मार्ग पर बढ़ना ही साधना का पथ है।

**ज्ञान से खत्म करें आंतरिक अंधकार:** यह शाश्वत सत्य है कि ज्ञान, इस जगत का सबसे बड़ा प्रकाश पुंज है। जब ज्ञान का दीप जलता है, तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार, मोह को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई दुराचरण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी आवश्यक है।


**हम प्रज्ज्वलित करें आत्म ज्योति:** दीपावली को अज्ञान पर ज्ञान, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व भी कहते हैं। यह प्रार्थना, चिंतन, भक्ति और आंतरिक शुद्धि का सुअवसर होता है। दीपोत्सव की हर रस्म का एक गहरा प्रतीकात्मक अर्थ है। जैसे, घर की सफाई और सजावट करने का तात्पर्य है, मन की शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करना। आध्यात्मिक गुरु एवं राजयोग प्रशिक्षिका बी. के. शिवानी कहती हैं कि इस दिन घर के साथ मन की सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, क्योंकि जब तक मन की सफाई नहीं होती, श्रीलक्ष्मी का आह्वान नहीं किया जा सकता। श्रीलक्ष्मी का आह्वान अर्थात अपने अंदर की पवित्रता, दिव्यता का आह्वान करना। मन में अपवित्रता होने से दिव्यता आ नहीं सकती। जहां किसी के बारे में कुछ बैर होगा, वहां सफाई कैसे! इसलिए मन के कोने-कोने की जांच कर सफाई करनी आवश्यक है। जैसे-जैसे हम सफाई करेंगे, आत्मा के पुराने संस्कार खत्म होते जाएंगे और नए संस्कार उभरने लगेंगे। कहने का आशय है कि मनुष्यों के सोचने का पुराना तरीका छूटता जाएगा। इसीलिए दिवाली में सफाई के साथ नवीनता का भी महत्व है। यह आत्मा की ज्योति जगाने का अवसर है। जब हर चीज, हर सोच, हर भावना नई होगी। हमारे बोलने, व्यवहार, खाने-पीने का, काम करने का तरीका सब नया होगा, तब सही मायने में आत्मा का दीप जल उठेगा।



**बनें स्वयं के दीपक:** प्रकाश पर्व पर दीपों की माला सजाई जाती है। दीपक जलाना न केवल देवी लक्ष्मी के स्वागत, बल्कि उस आंतरिक प्रकाश का भी प्रतीक है, जो अंधकार और अज्ञानता को दूर करता है। कई महाज्ञानियों, दार्शनिकों ने दीयों की सुंदर आध्यात्मिक व्याख्या की है। उन्होंने दीपक को देह तथा उसमें मौजूद तेल को वासना और जलने वाली बाती को अहम माना है। इस प्रकार, दीपक का जलना व्यक्ति के अंदर की वासना तथा अहम के नष्ट होने का रूपक प्रस्तुत करता है। ऐसा होने पर स्वाभाविक रूप से ज्ञान का प्रकाश फैलता है। अर्थात ज्ञान के उत्पन्न होने से वासना और अहम का स्वयं ही धीरे-धीरे नाश होने लगता है। गौतम बुद्ध ने जीवन के अंतिम क्षण में अपने प्रिय शिष्य आनंद को यही उपदेश दिया, 'अप्प दीपो भवः', यानी स्वयं के दीपक बनो। अपना सत्य खुद ढूंढ़ो। *

## अपने भीतर के प्रकाश को पहचानें

**अगर हम** भारतीय दर्शन के मूल के आधार पर दीपावली पर्व को समझना चाहें, तो मूलतः यह पर्व ज्ञान का स्वागत तथा प्रज्ञा को आत्मसात करने का पर्व है। यह बुराई पर सदाचार की आध्यात्मिक जीत और अज्ञानता तथा नकारात्मकता को दूर करने वाले प्रकाश को रेखांकित करता है। आम जीवन में भी इसकी बड़ी उपयोगिता है। इसे महान दार्शनिक संत आचार्यश्री महाप्रज्ञ के कथन से समझ सकते हैं। वे कहते हैं, 'हमें यदि धर्म को, अपने भीतर के प्रकाश को समझना है और वास्तव में धार्मिक कर्म करना है तो सबसे पहले इंद्रियों का निग्रह करना सीखना होगा। यदि केवल आधे घंटे के लिए सारी इंद्रियों को विश्राम देकर बिल्कुल स्थिर और एकाग्र होकर अपने भीतर झांकना शुरू कर दें और इसका नियमित अभ्यास करें, तो एक दिन आपको कोई ऐसी झलक मिल जाएगी कि आप रोमांचित हो जाएंगे। आप देखेंगे कि भीतर का जगत कितना विशाल, आनंदमय और प्रकाशमय है। वहां कोई अंधकार नहीं, कोई समस्या नहीं है। सिर्फ एक दिव्य प्रकाश है।'



दीपावली पर हम सब घर-आंगन को दीपों से प्रकाशित करते हैं, ताकि हमारे आस-पास कहीं भी अंधेरा ना रह जाए। इसी तरह चेतना और सकारात्मकता के दीपक से मन का अंधियारा भी हम दूर कर सकते हैं।

# अंधेरा कहीं रह ना जाए...

{ आह्वान
सरस्वती रमेश }

दीपावली प्रकाश का उत्सव है। अंधेरा भगाने का उपक्रम। तभी तो इस मौके पर घर, द्वार, खिड़की, गलियारे, मुंडेर, बालकनी, आंगन, छत यहां तक कि घूर पर भी दीया जलाने की परंपरा है। ताकि कहीं अंधेरा न रहे। ये वाह्य अंधकार है, इसे दीपक से भगाया जा सकता है। इसी तरह हमारे भीतर भी अंधकार की एक सत्ता विराजती है। अमूमन हर किसी के भीतर एक अंधकार आंतरिक बुराइयों द्वारा खाद-पानी पाकर पनपता है। निरंतर बढ़ता रहता है। यदि इसे लंबे समय तक हटाया न जाए तो यह सघन होकर हमारे संबंधों, कार्यक्षमता, आचरण और जीवन के तमाम पहलुओं को प्रभावित करने लगता है। इसे हटाने की प्रक्रिया सरल नहीं है। पर असंभव भी नहीं। इसके लिए हमें अपने मन की कोटरों को रोशन करना होगा।

### बनाएं अच्छाइयों के प्रवेश का रास्ता

भीतर का अंधकार बाहर के अंधकार से हमेशा बलवान होता है। इसलिए वहां दीपक जलाने की प्रक्रिया थोड़ी अलग और जटिल होती है। श्रम साध्य होती है। यह दीपक हमारी अच्छाइयों के तेल से प्रज्ज्वलित होता है। सत्य, करुणा और सद्भावना जैसी अच्छाइयों की रोशनी से इसे जलाने की लौ मिलती है। इसलिए इस दीपावली अपने मन की सारी बुराइयों को झाड़-पोंछ बाहर का रास्ता दिखाइए। अच्छाइयों के प्रवेश का रास्ता बनाइए। ठीक वैसे ही जैसे माता लक्ष्मी के आगमन के लिए आज भी हम लोग दीपावली पर रात-रात भर घर के किवाड़ खोलकर उनके आने का रास्ता बनाते हैं। इसी तरह जब बुराइयों का अंधियारा मन के भीतर सघन हो, तब उसे हटाने के लिए संकल्प शक्ति की भी आवश्यकता पड़ती है।

### अंतर्मन से ही मिलेगी प्रेरणा

भीतरी अंधेरे को भगाना आध्यात्मिक यात्रा की तरह आनंदमय अनुभूति है। इस यात्रा में हमारा आत्मबल सह यात्री की भूमिका निभाता है। साहस और चेतना इस यात्रा के विभिन्न पड़ाव हैं। आत्म-जागृति इसकी मंजिल है। भीतरी अंधेरे को भगाना अर्थात एक बेहतर मनुष्य बनने का प्रयास करना। ऐसा मनुष्य, जो अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत हो। जो समाज को जीने का नया नजरिया दे। जो जीवन की अच्छाइयों के प्रति लोगों में विश्वास पैदा करे। भय, निराशा, अविश्वास के दुष्चक्र से उन्हें बाहर निकलने का मार्ग सुझाए। ऐसी प्रेरणा हमारे भीतर तभी प्रस्फुटित हो सकती है, जब हम स्वयं अपने दीपक बन जाएं। एक तरह से अपनी शक्तियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें निरंतर परिष्कृत करते रहना ही है, अपना दीपक स्वयं बनना। यानी सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा हमें अंतर्मन से ही मिल सकती है।

### सकारात्मकता का दीपक

अब मन में यह प्रश्न उठ सकता है कि हमें अपना दीपक स्वयं बनने की आवश्यकता क्यों है? या मन का दीपक जलाने जैसा श्रमसाध्य कार्य क्यों किया जाए? हम सभी इस बात से अवगत हैं कि यह संसार किसी अदृश्य पराशक्ति से परिचालित होता है। वही शक्ति हम सभी मनुष्यों के भीतर भी होती है। मगर मनुष्य जीवन में नकारात्मक शक्तियां भी कार्य करती हैं। ये शक्तियां पग-पग पर भटकाव और अंधेरा फैलाती हैं। ये मनुष्य के मस्तिष्क को भ्रष्ट कर, उन्हें गलत रास्ते पर ले जाती हैं। सवाल है, इन नकारात्मक शक्तियों से आखिर छुटकारा कैसे मिल सकता है? इसका उत्तर है, हमारे भीतर प्रज्ज्वलित होने वाला चेतना का दीपक ही हमें सही राह दिखाता है। भटकने से बचा सकता है। हमारे अंदर सकारात्मकता फैलाता है। अंधेरे की शक्तियों से लड़ने का साहस और शक्ति प्रदान करता है। हमारे भीतर अपार संभावनाएं छिपी हुई हैं। बिल्कुल इस विविधता भरी और रहस्यमयी सृष्टि की तरह। उन संभावनाओं को पहचानने के लिए जरूरी है कि उन तक हमारी दृष्टि पहुंचे। वह कैसे पहुंचेगी? इसी चेतनामयी सकारात्मक दीपक के जरिए, जिसे हमें अपने भीतर प्रज्ज्वलित करना होगा।



### भीतर-बाहर फैले उजियारा

मन के भीतर चेतना और सकारात्मकता का दीप जलाने के लिए आत्मनिरीक्षण करना बेहद जरूरी प्रक्रिया है। स्व का निरीक्षण अर्थात अपनी भावनाओं की बेहतर समझ। अपने डर, अपनी कमियों, अपने गुणों-अवगुणों के अंधेरे-कोनों को जानना। उन पर बेहतर पकड़ बनाना। एक मंझे हुए चालक की तरह अपनी भावनाओं की गाड़ी पर नियंत्रण करने की योग्यता विकसित करना। जब हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना सीख लेते हैं तो हमारे साथ हमारे आस-पास का समाज भी सुरक्षित, सुसज्जित और प्रकाशमय बनता है। जिस तरह एक नन्हा दीपक बड़े से भू-भाग को आलोकित करता है, उसी तरह एक बुराई की अग्नि सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं जलाती बल्कि समाज को भी भस्म कर देती है। इसे जानना और बाहर निकालना तभी संभव है, जब हम अपने मन में सकारात्मकता का दीपक जलाएं। सिर्फ जलाएं ही नहीं, उसे बाधित करने वाली, बुझाने वाली शक्तियों से सुरक्षित रखने के उपाय भी करें। दीपावली के मूल में जो संदेश निहित है, वह यही है। दुनिया को रोशन करने से पहले खुद को रोशन करना।

इस संदर्भ में प्रसिद्ध गीतकार गोपाल दास नीरज की पंक्तियां सहज ही स्मरण हो आती हैं -

जलाओ दीये पर रहे ध्यान इतना,
अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए। *

{ पूजन-परंपरा / अनीता जैन }

# दीपोत्सव पर ऐसे करें गणपति-लक्ष्मी की पूजा

हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पुराणों में कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है, इसको दामोदर मास भी कहा जाता है।

**कार्तिक मास का महात्म्य:** कार्तिक महीने में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा करना सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। पूरे कार्तिक मास में कई त्योहार आते हैं और इनमें स्नान, दान और भगवत्पूजन किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। स्वयं ब्रह्माजी कार्तिक मास की महिमा बताते हुए कहते हैं कि कार्तिक मास सब मासों में उत्तम है।

न कार्तिकसमो मासो न कृतेन समं युगं,
न वेदं सदृशं शास्त्रं न तीर्थं गंगया समं'।

अर्थात कार्तिक के समान कोई मास नहीं है, न सतयुग के समान कोई युग, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं। इस महीने में तैंतीस कोटि देवता मनुष्य के सन्निकट हो जाते हैं और इसमें किए हुए स्नान, दान, भोजन, व्रत, तिल, धेनु, सुवर्ण, रजत, भूमि, वस्त्र आदि वस्तुओं के दान को विधिपूर्वक ग्रहण करते हैं।



**सर्वश्रेष्ठ पूजन दिवस दीपावली:** कार्तिक मास में बुद्धि के दाता, विघ्नहर्ता श्री गणेश और धन-ऐश्वर्य की देवी मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए दीपावली का दिन बहुत विशेष माना गया है। इस दिन भगवान राम असुरों का संहार करके अयोध्या लौटे थे, जिनका दीपोत्सव करके स्वागत किया गया था। दिवाली का दिन मां लक्ष्मी के भी स्वागत का दिन है। हम चारों ओर प्रकाश फैलाकर सकारात्मकता के साथ महालक्ष्मी से समृद्धि और संपन्नता का वर मांगते हैं। शक्ति आराधना यानी काली पूजा के लिए भी यह कार्तिक अमावस्या सर्वोपरि मानी गई है।

**दीपावली की पूजन-विधि:** इस दिन प्रदोष वेला से लेकर पिशाच वेला के आरंभ से पहले तक ही महालक्ष्मी पूजा का विधान है। यह पिशाच वेला रात्रि 2 बजे से आरंभ होती है। दीपावली के दिन स्थानीय सूर्यास्त से 72 मिनट पहले से लेकर 72 मिनट बाद तक की वेला प्रदोष वेला मानी गई है। इस दिन स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्राभूषण धारण करके घर के पूजास्थल पर पूजन सामग्री लेकर बैठें। साथ ही गणेश सहित महालक्ष्मी, वरुण, कुबेर, श्रीयंत्र, कुबेरयंत्र और नवग्रह यंत्र लें। ध्यान रहे दीपावली पूजन में लक्ष्मीजी और गणेशजी की मूर्तियां अथवा चित्र बिल्कुल नया होना चाहिए यानी, पहले उन मूर्तियों का प्रयोग पूजा में न किया गया हो। आप इस बात का ध्यान रखें कि पूजा में पूजन सामग्री के अलावा श्रद्धा का नैवेद्य भी अवश्य चढ़ाएं। भाव और भक्ति की कमी न रहने पाए, तभी लक्ष्मीजी आपसे प्रसन्न होंगी। पूजा में कमल पुष्प और आंवले को भी शामिल करें तो और उत्तम रहेगा। इसके अतिरिक्त गुड़हल, लाल कनेर, गेंदा आदि फूलों से भी मां की आराधना कर सकते है। साथ ही श्रंगार का सामान हल्दी, रोली, मौली, लाल चंदन, अक्षत, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, शहद, फल, मिष्ठान, गंगाजल, नारियल, कलश को भी पूजनस्थल पर लेकर बैठें। सर्वप्रथम ॐ पुंडरीकाक्ष का स्मरण करके अपने ऊपर गंगाजल छिड़कें। सभी सामग्रियों पर भी गंगाजल छिड़कें। अब पृथ्वी स्पर्श करते हुए 'ॐ भूम्यै नमः' कहें। पूजा स्थल के दक्षिण-पूर्व के तरफ घी का दीप जलाते हुए

ॐ दीपोज्योतिः परब्रह्म दीपोज्योतिः जनार्दनः।
दीपो हरतु में पापं पूजा दीपं नमोस्तुते!

का जाप करते हुए संकल्प करें।

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद
श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।

इस मंत्र को पढ़ते हुए सभी पूजन सामग्री अर्पण करें। देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के लिए भोग में खीर, बूंदी के लड्डू, सूखे मेवे या फिर मावे से बनी हुई मिठाई रखें। फिर दोनों की आरती करें। पूजन के पश्चात चारमुखी दीपक रात्रि भर जलाएं।

विद्यार्थीजन इस दिन माता महासरस्वती का यह मंत्र जप करें

या देवि! सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता!
नमस्तस्यै! नमस्तस्यै! नमस्तस्यै नमोनमः!

इससे मां सरस्वती की भी कृपा प्राप्त होती है। *

{ लघुकथाएं }


# खुशी की रोशनी


दीपावली की शाम थी। वातावरण में खुशियों की खनक थी। लेकिन सामने वाले फ्लैट का दरवाजा बंद था। सूने से उस दरवाजे को देखकर ऐसा लग रहा था, उस घर में कोई हलचल ही न हो। पूरे दिन में बस दो-तीन बार ही वह दरवाजा तभी खुलता था, जब कामवाली बाई आती-जाती थी या फोन करके मंगवाया हुआ दूध-सब्जी जैसा सामान देने कोई आता था। हालांकि इसी घर में कभी खूब चहल-पहल हुआ करती थी। लेकिन दो साल पहले जब इस घर में रहने वाले अंकल और आंटी के जवान बेटे और बहू की एक सड़क हादसे में मौत हो गई, तब से इस घर में उदासी बनी रहती है। इस ट्रेजडी के बाद से अंकल-आंटी घर से न के बराबर ही निकलते थे। कोई रिश्तेदार या दोस्त भी उनके घर में नहीं आता था।

मैं कुछ देर तक उस फ्लैट के बंद, सूने दरवाजे को देखती रही। फिर मैंने एक-एक करके पांच दीये उस दरवाजे के सामने जला कर रख दिए। इसके बाद दरवाजे की फोटो खींचकर उन अंकल-आंटी के फोन पर भेज दी। आंटी को फोन करके बता भी दिया।

थोड़ी देर बाद उनके फ्लैट का दरवाजा खुला। अपने दरवाजे के सामने जलते हुए दीयों को देखकर अंकल-आंटी के चेहरे खुशी से रोशन हो उठे। आशा बंधी, उन दोनों के मन के भीतर बैठी उदासी अब छंट जाएगी। *

- हरीश कुमार 'अमित'





# खुद्दारी

शहर दिवाली की रोशनी से जगमगाया हुआ था। मैं अपने पति के साथ दिवाली की खरीदारी करने बाजार आई थी। मेरे पति की नजर एक छोटे से बच्चे पर पड़ी, जो जोर-जोर से आवाज लगा रहा था, 'ले लो, दस के बारह दीये ले लो...।'

पति को उस गरीब बच्चे पर दया आ गई। उन्होंने मुझसे उस बच्चे से दीये खरीदने के लिए कहा। मैंने साफ मना कर दिया। मुझे डिजायनर दीपक लेने थे, जबकि उसके पास केवल सादे दीये थे। पति ने फिर कहा, 'अरे गरीब बच्चा है, खरीद लो न।' मैं उनका मन रखने के लिए बच्चे से दीये खरीदने को तैयार हो गई।

'दस रुपए के बीस के हिसाब से लगा दो, तुम्हारे दीये कुछ खास नहीं हैं।' मैं मुंह बनाकर बच्चे से बोली।

'नहीं हो पाएगा मैडम जी।' बच्चे ने सपाट स्वर में कहा।

'अरे, ले भी लो।' पति ने कहा तो मैंने पचास दीये ले लिए। पैसे देकर आगे बढ़ी ही थी कि पीछे से वह बच्चा दौड़ता हुआ आया, 'मैडम जी..!'

'अब क्या है? मैंने पूरे पैसे दे तो दिए हैं।' मैं चिढ़ कर बोली। 'पर्स से पैसे निकालते समय आपका मोबाइल गिर गया था, वही लौटाने आया हूं।' बच्चा मासूमियत से बोला।

बच्चे की ईमानदारी देखकर हम दोनों स्तब्ध रह गए। अभी कुछ देर पहले बच्चा एक पैसा कम करने को तैयार नहीं था, वह अब मोबाइल लौटाने चला आया।

मोबाइल हाथ में पकड़ाकर बच्चा जाने लगा तो मैंने रोका। उसे सौ का नोट देते हुए बोली, 'सुनो, यह लो, मिठाई खा लेना।' 'इसकी कोई जरूरत नहीं मैडम जी। हम मेहनत की खाते हैं, इसी में खुश रहते हैं।' कहकर वह बच्चा चला गया। उसकी खुद्दारी देखकर हम दंग रह गए। *

-शीला श्रीवास्तव

{ नवगीत
अखिलेश श्रीवास्तव चमन }

## हम जलते हुए दीप हैं

मोती भरे से सीप हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।
अपने हृदय को
हम भरे हैं स्नेह से,
हम धरा पर हैं
बरसते मेह से,
हम प्रेम से सींचेंगे
मन की क्यारियां,
रहने न देंगे
द्वेष की चिनगारियां
हम महकते फूल हैं जी
हम रसीले गीत हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।
हम जलाते हैं
स्वयं को ज्योति बन,
छल, कपट से मुक्त
अपना स्वच्छ मन,
हम विहंस
सबको लगाते हैं गले,
अपने लिए
सारे सगे, सारे भले
हम नहीं दुश्मन किसी के
हम सभी के मीत हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।

{ नवगीत
माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' }

## अंधियारे ने कहा दीप से



अंधियारे ने कहा दीप से,
जग ने मिथ्या भ्रम फैलाया
तुझे जलाया मुझे मिटाने,
अब तक तू ये समझ न पाया।
मिला तुझे क्या मुझे घटाकर
खुद भी जलता रहा रात भर
मुझे अकारण ही उलाहना
दिया जगत ने बात-बात पर।
मैं दुनिया में अजर-अमर हूं
सबने केवल अवगुण गाया।
मेरी किस्मत में लिक्खा है
पीड़ा, कुंठा, एकाकीपन
तुझे मिला स्वागत-अभिनंदन
यश ,कीर्ति, पूजा और वंदन
जिसने जैसा कर्म किया था
वो उसके हिस्से में आया।
गलत काम का हूं मैं साक्षी
इसमें मेरा दोष नहीं है
सुख होगा तो दुख भी होगा
आज किसी को होश नहीं है
तन माटी में मिल जाएगा
साथ नहीं जाएगी माया।